सुविचार

छोटी चीजों के बारे में हमेशा वफादार रहिये क्योंकि इन्ही में आपकी शक्ति निहित होती है।

Daily

# THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

Published from Ranchi

Ranchi • Saturday, 17 June 2023 • Year : 01 • Issue : 151 • Ranchi Edition • Page : 12 • Price : 3 • www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com




08

द ट्रायल में दर्शक मेरे किरदार से नफरत करेंगे

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 63,384.58 |
| निफ्टी | : | 18,826.00 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,645 |
| चांदी | : | 78.50 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

## BRIEF NEWS

### त्रिपुरा, सिक्किम सहित चार राज्यों के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे नड्डा

**New Delhi :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा शनिवार से त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और असम के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान जेपी नड्डा पार्टी के राष्ट्रव्यापी 'संपर्क से समर्थन' अभियान के तहत विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों, चार प्रभावशाली परिवारों से मिलेंगे। इस यात्रा के दौरान जनसभाएं एवं टिफिन बैठक में शामिल होंगे और पार्टी कार्यकर्ता से भी मुलाकात करेंगे। भाजपा मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 जून को त्रिपुरा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतिरबाजार में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

### ब्लॉक से सीएमओ तक बिना रिश्वत के काम नहीं हो रहा

**Gumla :** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने पार्टी के महाजनसंपर्क अभियान के तहत लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के गुमला में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने पिछड़ों की उपेक्षा की है। भाजपा सरकार द्वारा शुरू किया गया सर्वेक्षण बंद कराकर पिछड़ों का हक मारा जा रहा है। स्थानीय निकाय चुनाव और नियुक्तियों में ओबीसी को नुकसान हुआ। आज ब्लॉक से सीएम ऑफिस तक बिना पैसे काम नहीं हो रहा है। यहां भ्रष्टाचार का विकराल रूप दिख रहा है।

### घर के बाहर बैठी महिला पर अपराधियों ने की फायरिंग

**Dhanbad :** भूली ए ब्लाक क्वार्टर नंबर 317 निवासी सेवानिवृत पोस्टमास्टर उदय प्रताप सिंह की पत्नी सुमित्रा देवी को शुक्रवार की शाम अपराधियों ने गोली मार दी है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बिजली कटी रहने के कारण सुमित्रा देवी अपने क्वार्टर के बाहर बैठी थी। उसी वक्त एक अपराधी पैदल वहां पहुंचा और महिला पर गोली दाग दी। गोली महिला के पेट में लगी। गोली की आवाज सुनते ही स्वजन व अगल - बगल के लोग बाहर निकले इतने में अपराधी वहां से पैदल भागने लगा। जब लोगों ने उसका पीछा किया तो वह हवाई फायरिंग करते हुए भाग निकला।

### सीआरपीएफ जवान पर नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

**Chaibasa :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जोजोदाह गांव की एक नाबालिग छात्रा से सीआरपीएफ 197बटालियन के एक जवान ने दुष्कर्म करने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में शुक्रवार को मुफस्सिल थाना में पीड़िता नाबालिग के मामा ने लिखित शिकायत की है। नाबालिग अपने मामा के घर में रहती है। लिखित शिकायत में मामा ने कहा है कि 14 जून (बुधवार) की रात खाना खाने के बाद लगभग 10-11 बजे के घर के बाहर वह अपने बेटे के साथ खटिया पर सोये हुए थे। देर रात लगभग 12 बजे खिड़की की तरफ से किसी व्यक्ति के कूदने की आवाज सुनायी दी। कूदने आवाज से उसकी नींद खुल गयी और वह टॉर्च लेकर घर के भीतर गया तो उन्होंने एक व्यक्ति को कमरे में पाया. आवाज लगाते ही जवान ने हाथापाई शुरू कर दी।

# GUJRAT की सीमा पार कर गया बिपरजॉय, उखड़े पेड़, पलटी गाड़ियां, हर ओर तबाही का मंजर

## चक्रवात का सबसे ज्यादा कहर कच्छ और सौराष्ट्र के आठ जिलों में, 22 लोग घायल

**AJENCY GUJRAT :** बिपरजॉय की बिपदा वैसे तो गुजरात की सीमा पार कर गई है। लेकिन जाने के साथ अपने पीछे तबाही के निशान छोड़ गई है। जगह-जगह उखड़े पेड़, गिरे हुए बिजली के खंभे और पलटी हुई गाड़ियां चक्रवात के बाद की कहानी बयां कर रहे हैं। बिपरजॉय का सबसे ज्यादा कहर कच्छ और सौराष्ट्र के आठ जिलों में देखने को मिला। तेज गति से चलती तूफानी हवाएं सबकुछ उड़ा देने पर आमादा नजर आ रही थीं। चक्रवाती तूफान बिपरजॉय गुजरात के सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र में तबाही



का मंजर छोड़ गया। यहां 22 लोग घायल हो गए हैं। इसके अलावा कई गांवों में बिजली की आपूर्ति को नुकसान पहुंचा। समुद्र के पास निचले इलाकों में बाढ़ आ गयी।

**बड़े पैमाने पर असर :** गुजरात के कच्छ और सौराष्ट्र में बिपरजॉय के चलते किसी की जान तो नहीं गई है। लेकिन अन्य चीजों पर काफी ज्यादा असर पड़ा है। साइक्लोन के चलते तमाम बिजली के खंभे उखड़ गए हैं। इसके चलते यहां पर अभी भी एक हजार से ज्यादा गांव अंधेरे में डूबे हुए हैं। यह सबकुछ तब है कि बिजली विभाग के अधिकारियों ने आनन-फानन में करीब 3500 गांवों की बिजली बहाल कर दी है। बड़ी संख्या में कच्चे मकान तूफान में अपना अस्तित्व खो चुके हैं। वहीं स्टेट हाइवेज पर आवागमन बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में पेड़ भी तबाह हुए हैं। राहत आयुक्त आलोक पांडे ने बताया कि बिपरजॉय के असर से 115 से 125 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के कारण कच्छ और सौराष्ट्र के 900 गांवों में 20 बिजली के खंभे और 524 पेड़ गिरे हैं।

# इधर, झारखंड में तप रही धरती 18 जिलों में तापमान 40 के पार

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड की धरती तप रही है। राज्य में गर्मी का तेवर थमने का नाम नहीं ले रहा है। हालात ऐसे बन रहे हैं कि कुल 24 जिलों में से 18 जिलों का तापमान 40 के पार पहुंच चुका है। इस वर्ष जून माह में पहली बार राजधानी रांची का तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। वहीं सबसे अधिक 45.9 डिग्री सेल्सियस गोड्डा का रिकार्ड किया गया है। आमतौर पर राजस्थान के जैसलमेर, पिलानी व बीकानेर में तापमान 47 डिग्री के पार रहता है और गोड्डा का तापमान देश की सबसे गर्म जगहों से सिर्फ दो डिग्री कम है। पूरे राज्य में हीटवेव को ले त्राहिमाम की स्थिति



### जिलों का तापमान

रांची 41.4 डिग्री सेल्सियस, जमशेदपुर 43.8 डिग्री, डाल्टेनगंज 43.8 डिग्री, बोकारो 41.4 डिग्री, चतरा 40.7, देवघर 43.5, गढ़वा 42.8, गिरिडीह 41.7, गोड्डा 45.9, गुमला 41.6, खूंटी 41.4, लोहरदगा 40.2, पाकुड़ 44.5, पलामू 43.1, रामगढ़ 42.1, साहेबगंज 42.5, सिमडेगा 42.7 और पश्चिमी सिंहभूम 43.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

बनी हुई है। पहली बार राज्य के 18 जिलों में एक साथ तापमान 40 के पार पहुंचा है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने इसे लेकर येलो अलर्ट तक जारी कर दिया है। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि पूरे राज्य में गर्मी का असर लगातार बढ़ रहा है। यद्यपि कुछेक जगहों पर पिछले 24 घंटों के दौरान हल्की वर्षा भी हुई। पूर्वी सिंहभूम के पोटका में सबसे अधिक 6.8 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। वहीं राजधानी की बात करें तो अधिकतम 41.4 डिग्री तो न्यूनतम 28.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। दो दिनों तक रांची का तापमान 40 के पार रहने की संभावना जताई गई है और 19 व 20 जून को राजधानी व आसपास के जिलों में आंशिक बादल छाए रहने और मेघ गर्जन की संभावना है।

# कोई लाभुक वृद्धा पेंशन योजना से वंचित न हो

## 30 तक रिपोर्ट करें : मुख्यमंत्री

**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की भी समीक्षा की। निर्देश दिया कि सभी जिले यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में कोई भी बुजुर्ग वृद्धावस्था पेंशन से वंचित नहीं है। इस संदर्भ में 30 जून तक वे अपनी रिपोर्ट सरकार को समर्पित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कुछ क्षेत्रों में दिव्यांगता के मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे में दिव्यांगता क्यों बढ़ रही है और किन-किन इलाकों दिव्यांगता के केसेज ज्यादा आ रहे हैं, इसकी मैपिंग उपायुक्त अपने स्तर पर कराएं, ताकि इसे रोकने की दिशा में आवश्यक कदम उठाया जा सके।

**आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भवन निर्माण में तेजी लाएं :** सीएम ने कहा कि राज्य में लगभग 11 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों का भवन बनाया जाना है। इसके लिए जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में सभी उपायुक्त कदम उठाएं



• महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा

और डीएमएफटी तथा सीएसआर फंड से भवन निर्माण का कार्य सुनिश्चित करें। विभाग की ओर से बताया गया कि राज्य में 95 प्रतिशत दिव्यांगों को दिव्यांगता पेंशन दी जा चुकी है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 9 लाख बच्चियों को इसका लाभ सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें से 7 लाख 29 हजार बच्चियों को इस योजना से अब तक जोड़ा जा चुका है।

# सभी जिलों में अगले 3 महीने में सोलर पार्क योजना होगी शुरू

## मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिया निर्देश-समय पर हासिल करें विकास को लेकर निर्धारित लक्ष्य

**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को 12 विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा के क्रम में सभी उपायुक्तों से कहा कि वे अपने- अपने जिले में एक ही जगह कम से कम 5 एकड़ जमीन उपलब्ध कराएं । इस जमीन पर अगले 3 महीने के अंदर सोलर पार्क योजना शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों से सभी तरीके के सरकारी जमीनों का आईडेंटिफिकेशन करने के साथ वहां सरकार का बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री नेपंचायती राज विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलों के उपायुक्त ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक संख्या में प्रज्ञा केंद्र स्थापित करना सुनिश्चित करें। सभी गांवों में प्रज्ञा केंद्र संचालित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े, इस सोच के साथ प्रज्ञा केंद्रों को पूर्णरूपेण कार्यरत करें। आम जनता को जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, नया आधार कार्ड बनाना तथा आधार कार्ड में भूल सुधार आदि कार्य उनके निकटतम प्रज्ञा केंद्र में ही ससमय उपलब्ध कराया जा सके इस लक्ष्य के साथ कार्य करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगले तीन महीने के अंदर राज्य के सभी प्रज्ञा केंद्रों में बिजली, पानी, जनरेटर, इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं सिक्योरिटी सहित अन्य जरूरी सुविधा हर हाल में उपलब्ध कराई जाए। सभी प्रज्ञा केंद्रों के कार्यप्रणाली में सुधार हो यह सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी प्रज्ञा केंद्रों में कंप्यूटर की उपयोगिता सत प्रतिशत सुनिश्चित होनी चाहिए। प्रज्ञा केंद्रों में कंप्यूटर कार्यरत रहेगा तभी सभी प्रकार के प्रमाण पत्र बनाने में सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रज्ञा केंद्रों में बैंक से संबंधित कार्य एवं पोस्ट ऑफिस से संबंधित कार्यों की सुविधा भी सुनिश्चित कराई जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि राज्य के सभी पंचायत भवनों में प्रज्ञा केंद्र स्थापित होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में राज्य में लगभग 20 हजार प्रज्ञा केंद्र कार्यरत है। आने वाले दिनों में प्रज्ञा केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 35 हजार तक करने का कार्य करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य में कार्यरत सखी मंडल की महिलाएं भी प्रज्ञा केंद्र संचालित कर सकें इस निमित्त एक बेहतर कार्य योजना तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार डिजिटलाइजेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

• 12 विभागों की समीक्षा बैठक में जनता से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने पर सीएम ने दिया जोर

### सीएम ने यह भी कहा

- हर पंचायत में एक खेल का मैदान बनाया जाए
- अगले 3 माह में सभी 1 लाख कुआँ की स्वीकृति
- सभी पंचायत भवन का एक रंग होना चाहिए
- कम से कम 5 लाख किसानों को क्रेडिट कार्ड दीजिए
- सावित्री बाई फुले योजना से नहीं छूटे कोई बच्ची
- कुओं के निर्माण पर रखा जाए खास ध्यान
- सही तरीके से लागू हो जल जीवन मिशन।

### राज्य में हर राशन कार्ड धारी को सरकार देगी दो पौधे

झारखंड सरकार राशन कार्ड धारकों और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को एक खास गिफ्ट देने जा रही है। हेमंत सोरेन सरकार ने लाभार्थियों को कम से कम दो फलदायी पौधे देने का फैसला किया है ताकि ग्रामीण अपनी आय बढ़ा सके और इस कदम से पर्यावरण की रक्षा भी हो सके। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को विभिन्न विभागों के प्रधान सचिवों की मौजूदगी में जिलों के उपायुक्तों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। सीएम ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी राशन कार्ड धारकों को कम से कम दो-दो फलदायी पौधे दिए जाएं। सीएम ने अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को कम से कम दो फलदायी पौधे रोपणे को देने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि इससे न केवल ग्रामीणों की आमदनी बढ़ेगी वरन यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक कदम होगा।

# रांची: कोयला कारोबारी इजहार अंसारी को ईडी का समन, 22 जून को बुलाया

**PHOTON NEWS RANCHI :** हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी को प्रवर्तन निदेशालय (एऊ) ने समन भेजा है। ईडी ने इजहार को 22 जून को रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है। बताते चलें कि बीते तीन मार्च को हजारीबाग के पेलावल स्थित मिल्लत कॉलोनी में कोयला व्यवसायी इजहार अंसारी के घर 22 घंटे तक ईडी ने छापेमारी की थी। इसमें 3 करोड़ 58 लाख रुपये बरामद हुए थे। इसके अलावा संपत्ति से संबंधित कई दस्तावेज भी ईडी अपने साथ ले गई थी।



**निबंधित आईएएस पूजा सिंघल से जुड़ा है मामला :** यह मामला कोल लिंकेज प्रकरण से जुड़ा हुआ है। निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के मामले में राज्य भर में 14 ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की थी। यह भी बताया जाता है कि निलंबित आईएएस पूजा सिंघल जब खनन सचिव थीं, उस समय इजहार अंसारी ने बड़े पैमाने पर कोयले से अवैध कमाई की थी।

**इजहार के नाम पर 12 शेल कंपनियां :** इजहार अंसारी के नाम पर 12 से अधिक शेल कंपनियां हैं। इन्हीं शेल कंपनियों के नाम पर कोयला तस्करी के पैसों को हवाला के जरिए इधर-उधर किया जाता था। ईडी की टीम इजहार अंसारी की सभी शेल कंपनियों के दस्तावेज को हासिल कर जांच में जुट गई है।

**चरही के इंदिरा गांव के रहने वाले हैं इजहार :** हजारीबाग के पगमिल रोड में मिल्लत कॉलोनी मोहल्ला में रह रहे कोयला व्यवसायी इजहार अंसारी का पैतृक घर चरही के इंदिरा पंचायत में है। वे पिछले 40 वर्षों से कोयला के कारोबार से जुड़े हैं। इजहार अंसारी के पिता का नाम स्व। राशिद मियां है। उनके छह पुत्र में बड़ा बेटा आलम अंसारी, इजहार अंसारी, मिन्हाज अंसारी, यूनुस अंसारी, सहदुल मियां और स्व. अब्दुल अजीज है।

### अभिषेक झा की जमानत याचिका पर 23 तक सुनवाई टली

**RANCHI :** सुप्रीम कोर्ट ने मनरेगा घोटाले में सस्पेंड आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई 23 जून तक के लिए टाल दी है। शुक्रवार 16 जून को जमानत याचिका को लेकर सुनवाई हुई। जिस पर न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की एक अवकाशकालीन पीठ ने अभिषेक झा को कोई अंतरिम संरक्षण देने से इनकार कर दिया। शुक्रवार को न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की एक अवकाशकालीन पीठ ने झा को कोई अंतरिम संरक्षण देने से इनकार कर दिया।

# एनेमिया मुक्त भारत अभियान में रांची को मिला पहला स्थान

## प्रखंड व जिला स्तर पर मानिटरिंग से मिली सफलता

**PHOTON NEWS RANCHI :** एनेमिया मुक्त राज्य बनने की ओर झारखंड बढ़ता जा रहा है। एनेमिया मुक्त भारत कार्यक्रम में इस वर्ष झारखंड आठ पायदान ऊपर आया है और 10वें स्थान पर अपनी जगह बनायी है। पिछले वर्ष झारखंड 18वें स्थान पर था। वहीं, राज्य में सबसे बेहतर काम करने वाला जिला रांची बनने के साथ ही पहले स्थान पर कायम है। पिछले चार वर्षों में रांची 22वें स्थान से पहले स्थान पर पहुंचा है। राज्य में अभी एनेमिया से करीब 70 प्रतिशत महिलाएं ग्रसित हैं और इस अभियान के तहत ऐसी महिलाओं व बच्चों को आयरन-फोलिक एसिड टेबलेट व सीरप दिया जा रहा है, जिसमें देशभर में रांची पहले स्थान पर रहा। रांची जिले में 71.5 प्रतिशत महिलाएं व बच्चों को आईएफए की गोली व सीरप दी गई। मालूम हो कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के उप निदेशक आरएन शर्मा सभी सिविल सर्जन को पत्र जारी कर पीछे रह गए जिलों को बेहतर करने का निर्देश दिया है।

**प्रखंड व जिला स्तर से मानिटरिंग से मिला स्थान :** एनेमिया मुक्त भारत कार्यक्रम की मानिटरिंग प्रखंड स्तर से की गई। साथ ही जिला स्तर से भी मानिटरिंग की गई, जिसका परिणाम यह रहा है कि महिलाओं और बच्चों को टारगेट कर उन्हें दवा दी गई। इस पूरे अभियान की मानिटरिंग स्टेट लेवल पर की गई और जहां भी कमियां पायी गई वहां

• रांची जिले में 71.5 प्रतिशत महिलाएं व बच्चों को आईएफए की गोली व सिरप दी गई

के पदाधिकारियों को स्वंय फिल्ड पर जाकर इस अभियान को बढ़ावा दिए और यह प्रयास किया गया कि कोई भी व्यक्ति इस दवा से वंचित ना रह सके।

**रांची के बाद गोड्डा व प सिंहभूम रहे आगे :** एनेमिया मुक्त भारत कार्यक्रम में रांची जहां 71.5 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर रहा। वहीं, गोड्डा 71.3 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर और प सिंहभूम 71.0 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहा। इधर, तीन जिले जिसने खराब प्रदर्शन किया उनमें पाकुड़, दुमका और कोडरमा शामिल है। पाकुड़ को 48.9 प्रतिशत, दुमका को 49.3 प्रतिशत और कोडरमा को 49.9 प्रतिशत अंक मिले। इसमें पाकुड़ सबसे अंतिम पायदान के साथ 24वें स्थान पर रहा।

**आईएफए दवा वितरण में पिछले वर्ष की तुलना में इस बार मिली अधिक सफलता :**

आयु वर्ग 2021-22 2022-23

6 से 59 माह के बच्चे 11 33.3

5 से 9 वर्ष 33.6 35.4

10 से 19 वर्ष 50.10 73.1

**गर्भवति महिलाएं** 81.7 91.3

**स्तनपान कराने वाली महिलाएं** 55.6 75.3।

## कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय व कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने किया विकसित

# पहली बार STEM CELLS से बना कृत्रिम मानव भ्रूण

**AGENCY NEW DELHI :** अमेरिका और यूके के वैज्ञानिकों ने अंडाणु या शुक्राणु का उपयोग किए बिना दुनिया का पहला कृत्रिम मानव भ्रूण मॉडल विकसित करने में बड़ी सफलता हासिल की है। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय और कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों ने इसे स्टेम सेल्स (मूल कोशिका) से विकसित किया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इन संरचनाओं में मस्तिष्क या हृदय जैसा कोई अंग नहीं है और ये मानव विकास के बहुत प्रारंभिक चरण में हैं। लेकिन इनमें ऐसी कोशिकाएं हैं, जो आगे चलकर गर्भनाल और भ्रूण का निर्माण कर सकती हैं। बोस्टन में बुधवार को आयोजित 'इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर स्टेम सेल रिसर्च' की वार्षिक बैठक में इस शोध के निष्कर्ष सामने आये। कैमब्रिज विश्वविद्यालय की मैग्डालेना जर्निका-गोएत्ज ने सभा को बताया, हम भ्रूण स्टेम कोशिकाओं की पुनः प्रोग्रामिंग द्वारा मानव भ्रूण जैसे मॉडल बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी प्रयोगशाला में बनाए गए भ्रूण जैसे मॉडल एकल मानव ह्यएम्ब्रीयानिक स्टेम सेलह्ल से



बनाए गए, जो तीन अलग-अलग ऊतक परतों में विकसित हुए। गोएत्ज ने अमेरिकी मीडिया को बताया कि उन्होंने जो भ्रूण मॉडल बनाए हैं, उनमें जर्म कोशिकाएं हैं, जो अंडे और शुक्राणु में विकसित होंगी। उन्होंने कहा, मैं इस बात पर जोर देना चाहती हूं कि ये मानव भ्रूण नहीं हैं। ये भ्रूण के मॉडल हैं, जो मानव भ्रूण के समान हैं और बार-बार होने वाले गर्भपात या आनुवंशिक विकारों के पीछे के कारणों को समझने में मदद कर सकते हैं। यह पहली बार है जब तीन ऊतक परतों के साथ एक मानव मॉडल भ्रूण बनाया गया है। ब्रिटिश मीडिया ने विशेषज्ञों के हवाले से कहा कि कृत्रिम मानव भ्रूण के क्लिनिकल उपयोग की तत्काल कोई संभावना नहीं है और उन्हें गर्भ में प्रत्यारोपित करना अवैध होगा। अभी कृत्रिम मानव भ्रूण टेस्ट ट्यूब तक ही सीमित हैं। विदेशी मीडिया ने परियोजना से जुड़ी वैज्ञानिक गोएत्ज के हवाले से कहा, ह्यहमारा उद्देश्य जीवन का निर्माण करना नहीं, बल्कि इसके नुकसान को रोकना है और यह समझना है कि निषेचन और आरोपण (इम्प्लांटेशन) के बाद भी कभी-कभी भ्रूण विकसित क्यों नहीं हो पातेह्ल इससे पहले गोएत्ज ने इस्राइल में एक टीम के साथ चूहे के स्टेम सेल्स से मॉडल भ्रूण बनाने की जानकारी दी थी, जिसमें लगभग आठ दिनों के विकास के बाद मस्तिष्क और दिल बनने की शुरूआत दिखाई दी थी।

CM HEMANT SOREN ने की पंचायती राज विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा, कहा–


# ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ाएं प्रज्ञा केंद्रों की संख्या

**PHOTON NEWS RANCHI**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को पंचायती राज विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलों के उपायुक्त ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक संख्या में प्रज्ञा केंद्र स्थापित करना सुनिश्चित करें। सभी गांवों में प्रज्ञा केंद्र संचालित करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े, इस सोच के साथ प्रज्ञा केंद्रों को पूर्णरूपेण कार्यरत करें। आम जनता को जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, नया आधार कार्ड बनाना तथा आधार कार्ड में भूल सुधार आदि कार्य उनके निकटतम प्रज्ञा केंद्र में ही ससमय उपलब्ध कराया जा सके इस लक्ष्य के साथ कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगले तीन महीने के अंदर राज्य के सभी प्रज्ञा केंद्रों में बिजली, पानी, जनरेटर, इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं सिक्योरिटी सहित अन्य जरूरी सुविधा हर हाल में उपलब्ध कराई जाए। सभी प्रज्ञा केंद्रों के कार्यप्रणाली में सुधार हो यह सुनिश्चित करें।


समीक्षा बैठक में सीएम हेमंत सोरेन व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी प्रज्ञा केंद्रों में कंप्यूटर की उपयोगिता सत प्रतिशत सुनिश्चित होनी चाहिए। प्रज्ञा केंद्रों में कंप्यूटर कार्यरत रहेगा तभी सभी प्रकार के प्रमाण पत्र बनाने में सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रज्ञा केंद्रों में बैंक से संबंधित कार्य एवं पोस्ट ऑफिस से संबंधित कार्यों की सुविधा भी सुनिश्चित कराई जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि राज्य के सभी पंचायत भवनों में प्रज्ञा केंद्र स्थापित होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में राज्य में लगभग 20 हजार प्रज्ञा केंद्र कार्यरत है। आने वाले दिनों में प्रज्ञा केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 35 हजार तक करने का कार्य करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य में कार्यरत सखी मंडल की महिलाएं भी प्रज्ञा केंद्र संचालित कर सकें इस निमित्त एक बेहतर कार्य योजना तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार डिजिटलाइजेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रज्ञा केंद्रों के बेहतर संचालन से ही डिजिटलाइजेशन की सोच को साकार किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि पंचायतों को सशक्त करने के संकल्प के साथ योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य करें। पंचायती राज विभाग 15वें वित्त आयोग की राशि का उपयोग भी सुनिश्चित करे। योजनाओं को पूर्ण करने निमित्त 15वें वित्त आयोग से बैकअप सपोर्ट लें। पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का ससमय ऑडिट करने का कार्य भी सुनिश्चित की जाए।

## सीएम ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अनुसूचित जाति-जनजाति अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की शुक्रवार को समीक्षा की। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने दिए कई निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रवृत्ति योजना, एकलव्य मॉडल स्कूल, आवासीय विद्यालय, आश्रम स्कूल और पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों के लिए आवासीय विद्यालय के संचालन से जुड़ी जानकारी ली ।

### सीएम ने दिए ये निर्देश

- प्री मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत शत-प्रतिशत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की राशि जल्द से जल्द दी जाए। विभाग की ओर से मुख्यमंत्री को बताया गया कि पिछले वित्तीय वर्ष में मुख्यमंत्री रोजगार योजना के तहत 146 करोड़ रुपये में से लाभुकों के बीच 104 करोड़ रुपये किए जा चुके हैं वितरित।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति से जुड़ी कुछ समस्याओं की जानकारी मुझे मिली है। सुनिश्चित करें कि बच्चों को कोई भी समस्या न हो।
- मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत लाभुकों को मदद, उनकी मॉनिटरिंग करने का भी काम करें।
- जहां-जहां आवेदनकताओं को सीएमईजीपी योजना अंतर्गत लाभ नहीं मिला है, वहां उन्हें योजना से शीघ्र जोड़ना सुनिश्चित करें।



### प्रधानमंत्री ने गरीबों और महिलाओं को सम्मान के साथ जीने का मौका दिया: कोचे मुंडा


मीडिया को जानकारी देते कोचे मुंडा व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

**KHUNTI :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास और सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ देश को एक नयी ऊंचाई को ओर ले जा रहे हैं। देश के लोगों खासकर गरीबों और महिलाओं को सम्मान के साथ जीने का मौका दिया। आज जितना सम्मान भारत को पूरी दुनिया में है, उतनी इज्जत कभी नहीं मिली। ये बातें भाजपा विधायक कोचे मुंडा ने शुक्रवार को तोरपा में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। विधायक ने कहा कि जब से नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, तब से वे सिर्फ इस प्रयास में लगे हैं कि देश को कैसे भ्रष्टाचार से मुक्त कराया जाए। प्रधानमंत्री ने हर गरीब का बैंक में निःशुल्क खाता खुलवाया और अब सभी तरह के लाभ की पूरी रकम खाते में जा रही है। देश के 80 करोड़ गरीब लोगों को निःशुल्क चावल मुहैया कराई जा रही है। केंद्र सरकार बिना भेदभाव के सभी को प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, गैस कनेक्शन सहित अन्य सुविधा दे रही है। इस मौके पर महा जनसंपर्क अभियान के तोरपा विधानसभा प्रभारी भागीरथ राय और भाजपा के गोविंदपुर मंडल के अध्यक्ष रामध्यान सिंह भी मौजूद थे।

### मोदी सरनेम केस में राहुल गांधी के वकील ने कोर्ट से मांगा 15 दिनों का समय

**RANCHI :** रांची एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अनामिका किस्कू की अदालत में शुक्रवार को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के मोदी सरनेम केस से जुड़े मामले में सुनवाई हुई। इस दौरान राहुल गांधी के अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने अदालत से सुनवाई के लिए 15 दिनों का समय मांगा। अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने कोर्ट को बताया कि एमपी-एमएलए कोर्ट की ओर से सशरीर हाजिर होने के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी गयी है। राहुल गांधी को कोर्ट ने आज हाजिर होने का निर्देश दिया था। उल्लेखनीय है कि रांची के रहने वाले प्रदीप मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ मोदी उपनाम पर टिप्पणी को लेकर मानहानि का केस किया है। राहुल गांधी पर आरोप है कि उन्होंने वर्ष 2019 में रांची सहित अन्य रैलियों में कहा था कि जिनके नाम के आगे मोदी लगा है वह सभी चोर हैं।

### धनबाद में आजसू पार्टी का मिलन समारोह 17 को, सुदेश होंगे शामिल

**RANCHI :** आजसू पार्टी का मिलन समारोह धनबाद के बैंकमोड़ स्थित कच्छ गुर्जर धर्मशाला में 17 जून को होगा। इसमें बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो शामिल होंगे। मिलन समारोह में धनबाद क्रिकेट एसोसिएशन (डीसीए) के पूर्व महासचिव विनय सिंह अपने समर्थकों के साथ आजसू पार्टी का दामन थामेंगे। आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने शुक्रवार को कहा कि पूरे प्रदेश में पार्टी के गठन, पुनर्गठन एवं विस्तार का कार्य चल रहा है। राज्य के कोने-कोने से समाज के बारे में चिंतन करने वाले लोग आजसू पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंडियों के सपनों के प्रदेश को गढ़ने और रचने के संकल्प के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। इसी क्रम में कल धनबाद में मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा, जिसमें डीसीए के पूर्व महासचिव विनय सिंह सहित सैकड़ों समर्थक आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

### मुख्यमंत्री ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा की

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की संचालित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत इस माह के अंत तक टैप वाटर से आच्छादित 505 गांवों के हर घर जल सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि इसके लिए स्पेशल ड्राइव चलाया जाए। सोरेन ने भूमिगत जल के रिचार्ज और सभी तरह के जलाशयों के संरक्षण के लिए एक्शन प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि जल की बबार्दी ना हो, इसके लिए सभी तरह के आवासीय परिसरों में वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था को प्रभावी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाएं। विभाग की ओर से बताया गया कि जल जीवन मिशन के तहत 36 प्रतिशत घरों में नल से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था हो चुकी है।

### संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत में किया पौधरोपण

**HAMIRPUR :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत ने जिला के टिप्पर में संघ के द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षण वर्ग में अपने तीन दिवसीय प्रवास के दौरान शुक्रवार को पौधरोपण कर शिक्षार्थियों और सर्व समाज का पर्यावरण सरंक्षण करने का संदेश दिया। संघ प्रमुख डॉ भागवत ने पेड़ों की त्रिवेणी अर्थात वट, पीपल एवं नीम के तीन पौधों का रोपण ठाकुर राम सिंह स्मृति न्यास परिसर टिप्पर में किया। उन्होंने त्रिवेणी वृक्षों का रोपण कर स्वच्छ पर्यावरण स्वस्थ जीवन का मंत्र भी दिया। डॉ भागवत ने आज आए हुए शिक्षार्थियों की जिज्ञासा समाधान के सत्र में भाग लिया और उनके प्रश्नों के उत्तर दिए। अपना तीन दिवसीय प्रवास पूर्ण करने के बाद डॉ भागवत अपने अगले गंतव्य स्थान की ओर आज सायं प्रस्थान कर गए।

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत की ताकत और लोकप्रियता बढ़ी: डॉ. कठेरिया

**BHOPAL :** भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी डॉ. रामशंकर कठेरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतम नौ साल भारत के नवनिर्माण, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। नौ साल में भारत की राजनीति, संस्कृति में एक आदर्श स्वरूप विकसित हुआ है। भारत ने सबका साथ, सबका विकास की कहानी लिखी है। पहले भारत की आवाज अनसुनी कर दी जाती थी, आज जब भारत बोलता है तो दुनिया सुनती है। प्रधानमंत्री मोदी ने जातिवाद, परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति को खत्म कर विकासवाद की राजनीति प्रतिष्ठित की है। आज मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत की ताकत और लोकप्रियता बढ़ी है। डॉ. कठेरिया विशेष संपर्क अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को सीहोर के होटल क्रिसेंट में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं समाज के हर वर्ग के लिए बनी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने गांव, गरीब, मजदूर और किसान के कल्याण की योजनाएं बनाकर उनको जमीन पर उतारा है। जब नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने, तब देश के 24 हजार गांव ऐसे थे, जहाँ आजादी के बाद से बिजली नहीं पहुंची थी, आज सभी 24 हजार गाँव बिजली से रोशन हुए। नौ साल में रेलवे, एयरपोर्ट, ग्रामीण सड़कों के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं, जो आज दिखते ही नहीं, जनता को उनका अनुभव भी हो रहा है। डॉ. कठेरिया ने कहा कि पहले योजनाएं केवल कागजों में ही रहती थी, आज एक ही कार्यकाल में योजनाएं बनती भी हैं, जमीन पर उतरती भी है और पूर्ण भी होती है। अब योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन दोनों एक ही कार्यकाल में होता है। पहले बिचौलिए लाभार्थियों का पैसा खा जाते थे, आज देश में बिचौलिया परम्परा को मोदी ने डीबीटी के माध्यम से खत्म किया है। मोदी सरकार में जितना पैसा हितग्राही भेजा जाता है, उतना ही पैसा हितग्राही के खाते में पहुंचता है।

# झारखंड विकास मोर्चा के मुन्ना सिंह समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल

**PHOTON NEWS RANCHI**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अब लौट चलें कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को झारखंड विकास मोर्चा के हजारीबाग के पूर्व उम्मीदवार मुन्ना सिंह सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हुए। इसमें हजारीबाग प्रखंड के कई मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य सहित अन्य शामिल थे। प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में यह कार्यक्रम का आयोजित किया गया था।


कांग्रेस में शामिल मुन्ना सिंह का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● द फोटोन न्यूज

कार्यक्रम का संचालन महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमुल्य नीरज खलखो ने किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने नए सदस्यों का कांग्रेस परिवार में माला पहनाकर और कांग्रेस का पट्टा देकर स्वागत किया और कहा कि आज बहुत ही खुशी का पल है कि सैकड़ों युवाओं और जनप्रतिनिधियों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि राहुल की भारत जोड़ो पदयात्रा देश को एक नई दिशा और दशा दे रहा है। यह उसी का परिणाम है कि युवाओं का झुकाव कांग्रेस के प्रति बढ़ा।

मुन्ना सिंह ने कहा कि आज हम अपने घर में वापस लौटकर खुशी महसूस कर रहे हैं। राजेश ठाकुर का सशक्त नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के साथ उनका प्यार हमें कांग्रेस का दामन थामने को विवश किया। हम पूर्णरुपेण कांग्रेस पार्टी की सेवा बिना किसी स्वार्थ के करेंगे। पार्टी जहां चाहे, जिस काम में चाहे मुझे लगा सकती है। मैं पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करता रहूंगा।

इस अवसर पर हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव, जिला प्रभारी अजय सिंह, महासचिव राकेश सिन्हा, अमुल्य नीरज खलखो, राजीव रंजन प्रसाद, गजेन्द्र सिंह, अशोक सिंह, जय शंकर पाठक, राजेश सिन्हा सिन्नी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बसरिया सूर्य मंदिर निर्माण में पूर्व विधायक ने किया श्रमदान

**PHOTON NEWS HAZARIBAGH**

चौपारण के बसरिया स्थित श्रीराम पार्क में बने छठ तालाब के बीचों बीच निमार्णाधीन सूर्य मंदिर का कार्य जोरों पर है. छत ढलाई के दौरान शुक्रवार को पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव यहां समर्थकों संग श्रमदान कर मंदिर निर्माण में अपना योगदान दिया. पूर्व विधायक ने मंदिर निर्माण में आर्थिक सहयोग भी दिया. इस दौरान पूर्व विधायक ने कहा कि बसरिया का सूर्य मंदिर भव्य व आकर्षक होगा. भगवान भास्कर तालाब के बीचोबीच विराजमान होंगे. सबके सहयोग से मंदिर जल्द बनकर तैयार हो जाएगा.



मौके पर सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, सुनील सिंह, बसरिया के पूर्व मुखिया नरेश पासवान, जिला परिषद प्रतिनिधि सुधीर कौशल, युवा समाजसेवी पिंटू सोनी, दामोदर केशरी, कृष्णा कसेरा, पंकज सोनी, प्रदीप केसरी, मुकेश केसरी, अनिल केसरी, मुन्ना केसरी, कपिल यादव, रामस्वरूप दांगी, सुरेश शर्मा, मनोज यादव, उमेश साव, रामधनी दांगी, विजय साव, माधो प्रजापत, लखेन्द्र प्रजापति, दीपक ठाकुर, गोलू शर्मा, मंटू केशरी, विजय साव, देवेन्द्र राणा, सुनील सिंह, मुकुंद साव, भूषण माली, जगदीश ठाकुर, गजाधर प्रसाद, मन्ना केशरी, प्रकाश रजक, लखन प्रजापति, मधु यादव आदि मौजूद थे।

## सरकार पूरी ताकत से मणिपुर की अखंडता की रक्षा करेगी: मुख्यमंत्री

**AGENCY MANIPUR**

मणिपुर सरकार राज्य की सद्भावना को भंग करने वाली ताकतों से किसी भी तरह का कोई समझौता नहीं करेगी। शांति और सद्भाव बनाए रखने के अलावा, मणिपुर की अखंडता की रक्षा के लिए राज्य अपनी पूरी ताकत का उपयोग करेगा। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने राज्य में जारी हिंसक स्थिति को लेकर आज अपनी सरकार की स्थिति को दृढ़ता से स्पष्ट किया है।

मुख्यमंत्री सिंह ने शुक्रवार को राज्य सचिवालय में अपनी सरकार की मजबूत स्थिति का एक संवाददाता सम्मेलन में ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार लोगों के हितों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेगी। मुख्यमंत्री ने लोगों से राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए सरकार के प्रयासों में विश्वास और आस्था बहाल रखने की अपील की।

केंद्रीय विदेश एवं शिक्षा राज्य मंत्री आरके रंजन सिंह के इंफाल पूर्वी जिले के कोंगबा-नंदीबाम लीकाई इलाके में, राज्य की महिला मंत्री नेमचा किपगेन के लामफेल इलाके में स्थित सरकारी आवास, न्यू चेकोन, खमेनलक और अन्य इलाकों में नागरिकों के आवासों में आग लगाए जाने और लोगों की मौत को मुख्यमंत्री ने दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए घटनाओं की कड़ी निंदा की।

उन्होंने कहा कि पहाड़ी इलाकों के 41 गांवों और घाटियों से सटे 39 गांवों में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अर्धसैनिक बलों और मणिपुर पुलिस की एक टीम दोषियों को पकड़ने के लिए कुरंगपत और येंगंगपोकोप्पी सहित विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। हिंसा जैसे जघन्य अपराध में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बीते दिनों की तरह आज भी बीरेन सिंह ने दोहराया कि राज्य में अवैध घुसपैठियों ने टकराव पैदा कर सरकार के खिलाफ तनाव पैदा किया।

# दुनिया के कल्याण के लिए नई दिशा प्रदान कर रहा भारत : सीएम शिवराज

**मुख्यमंत्री ने साइंस-20 कॉन्फ्रेंस में आए प्रतिनिधियों से किया संवाद**

**AGENCY BHOPAL**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत वासियों की सोच में साइंस टेक्नोलॉजी, समाज और संस्कृति आज से नहीं हजारों सालों से है। भारत, दुनिया के कल्याण के लिए एक नई दिशा प्रदान कर रहा है। सारी दुनिया एक ही परिवार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वन अर्थ, वन फेमिली और वन फ्यूचर की बात कही है, जो भारत का प्राचीन विचार है। भारत में बच्चा-बच्चा कहता है कि 'धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो और विश्व का कल्याण हो'।


सीएम शिवराज सिंह चौहान की फाईल फोटो।

मुख्यमंत्री चौहान शुक्रवार को भोपाल के होटल ताज में आयोजित दो दिवसीय जी-20 अंतर्गत साइंस-20 कॉन्फ्रेंस-ऑन ₹कनेक्टिंग साइंस टू सोसायटी एंड कल्चर₹ में आए ॠ20 के सदस्य देशों, आमंत्रित राज्यों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के वैज्ञानिक समुदाय के प्रतिनिधियों से संवाद कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति का शोषण नहीं होना चाहिए, मानव कल्याण के लिए उसका सही दिशा में दोहन किया जाए। प्रकृति की पूजा करें। टेक्नोलॉजी मनमानी करने के लिए नहीं है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और अन्य प्राकृतिक संसाधनों का व्यर्थ दोहन न हो। विज्ञान टेक्नोलॉजी का हमारे जीवन में अत्यधिक महत्व है। इसका उपयोग सुशासन के लिए होना चाहिए। विज्ञान का उपयोग समाज के कल्याण के लिए मर्यादित रूप में हो। वैज्ञानिकों का कर्तव्य है कि साइंस का उपयोग विनाश के लिए नहीं, बल्कि रचनात्मकता के लिए किया जाए। लोगों की समस्याओं के समाधान, उनके कल्याण और आगे आने वाली पीढ़ियों के लिए धरती को रहने लायक बनाने टेक्नोलॉजी का बेहतर उपयोग करें। दुनिया की भलाई के लिए ही टेक्नोलॉजी का उपयोग हो।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि भौतिक और नैतिक दोनों का समन्वय करने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना बेहतर है। लोगों का जीवन स्तर सुधारने और बेहतरी के लिए विज्ञान का उपयोग हो। हमें पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और प्रदूषण फैलने से रोकने के उपाय सुनिश्चित करने होंगे। पेड़-पौधे, कीट-पतंगे तथा जीव-जंतुओं की प्रजातियां समाप्त न हों, इस पर भी ध्यान देना होगा। जियो और जीने दो के सिद्धांत पर चलकर सभी के कल्याण के लिए अपना योगदान दें। विज्ञान का अमर्यादित उपयोग न हो। हम सब एक हैं, एक ही चेतना हैं। प्रेम, स्नेह, शांति और आत्मीयता बनाए रखकर एक-दूसरे के लिए सदैव खड़े रहें।

मुख्यमंत्री ने प्रारंभ में सम्मेलन में आए प्रतिनिधियों का स्टॉल भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश, देश का दिल है। देश के दिल की राजधानी भोपाल में आपका हृदय से स्वागत है। उल्लेखनीय है कि एस-20, जी-20 का भाग है।

## बख्तर साय मुंडल सिंह इंडोर स्टेडियम में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र स्तरीय विशाल जनसभा आयोजित

# MODI के नौ साल का कार्यकाल भारत के बदलाव की स्वर्णिम गाथा

**PHOTON NEWS GUMLA**

कमजोर मुख्यमंत्री के कारण राज्य की संस्कृति-परंपरा-प्राकृतिक संपदा को नष्ट किया जा रहा है । झामुमो व कांग्रेस पार्टी राष्ट्र विरोधी शक्तियों से हाथ मिलाकर झारखंड की अस्मिता को बेचने का काम कर रही है । 30 मई से 30 जून तक चलने वाले महा जनसंपर्क अभियान मोदी के नेतृत्व में 9 वर्ष में किए गए कार्य भारत के बदलाव की स्वर्णिम कहानी है । यह बातें शुक्रवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बख्तर साय मुंडल सिंह इंडोर स्टेडियम में भाजपा की ओर से आयोजित लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र स्तरीय एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कही।


जनसभा को संबोधित करते पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास। ● द फोटोन न्यूज

उन्होंने कहा कि 30 मई से 30 जून तक भाजपा पूरे देश में सेवा सुशासन,गरीब कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है । समाज के सभी वर्ग गरीब-शोषित वंचित,आदिवासी, अल्पसंख्यक सामाजिक आर्थिक राजनीतिक रूप से मोदी राज में सक्षम हो रहे हैं। सामान्य वर्ग से लेकर पिछड़े वर्ग को भी आजादी के बाद पहली बार 10 से 27 परसेंट आरक्षण देकर सामाजिक समरसता का भाव लाने का काम भाजपा ने किया है । मोदी जी के नेतृत्व में भारत के बदलाव की स्वर्णिम कहानी है महाजनसंपर्क अभियान । उन्होंने कहा कि झारखंड में पिछड़ों का अधिकार राज्य सरकार ने 7 जिलों में आरक्षण रोस्टर 0 कर दिया है जब कि मेरे शासन में सभी जिलाधिकारियों को पिछड़ों की जनगणना का आदेश दिया गया था जो कि निरस्त कर दिया गया है,जो संदेह के घेरे में है। उन्होंने कहा राज्य में भ्रष्टाचार का काला अध्याय फिर से लिखा जा रहा है ।

### नौ साल में मोदी के नेतृत्व में बही विकास की गंगा : सुदर्शन भगत

सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि भाजपा के नौ वर्ष के शासन में विकास की गंगा बह रही है लोकसभा क्षेत्र में कुल 75000 किसानों केन्द्र की योजना का लाभ मिला है वहीं 36215 लाभार्थी को पीएम आवास का लाभ मिला है, एक लाख से अधिक स्वच्छ भारत के तहत शौचालय का निर्माण हुआ है। मत्स्य महाविद्यालय और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जिले में ग्रामीण स्तर पर कार्य हुए हैं ।जनता मोदी जी को प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठे देखना चाहती है।

### अंत्योदय साकार हुआ, अंतिम व्यक्ति तक तक पहुंची विकास की धारा : समीर उरांव

राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने कहा मोदी जी के 9 साल का कार्यकाल जन भावना की अपेक्षा के अनुरूप हुआ है अंतिम इकाई अंत्योदय के भाव के साथ देश की जनता के लिए समर्पित है। मोदी राज्य में बिचौलिया गिरी आखिरी सांसे गिन रही है,सरकार का पैसा सीधे लाभुकों के खाते में जा रहा है करीब 11 करोड़ लोगों को जल-नल योजना का लाभ मिला है, मोदी सरकार सभी वर्गों के लिए जन उपयोगी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया है।

BRIEF NEWS

### गो सेवा आयोग के अध्यक्ष बने राजीव रंजन

**RANCHI :** झारखंड सरकार ने राजीव रंजन प्रसाद को गो सेवा आयोग का अध्यक्ष बनाया है। साथ ही आयोग का उपाध्यक्ष राजू गिरी को बनाया गया है। इस संबंध में गुरुवार देर रात कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार झारखंड गो सेवा आयोग अधिनियम 2005 की धारा 3 का प्रयोग करते हुए झारखंड सरकार ने राजीव रंजन प्रसाद को आयोग का अध्यक्ष तथा राजू गिरी को उपाध्यक्ष के रूप में अगले आदेश तक के लिए मनोनीत किया है। उल्लेखनीय है कि राजीव रंजन प्रसाद कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता भी हैं।

### सीएम से मिले राज्य आवास बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड राज्य आवास बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय लाल पासवान और सदस्य अभिलाष साहू ने गुरुवार रात करीब 11 बजे मिलकर आभार प्रकट किया इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि बोर्ड निगम का गठन कर कांग्रेस के कार्यकताओं को मान सम्मान देने के लिए आपको हार्दिक बधाई दी।

### अमन साहू सहित पांच के खिलाफ आरोप गठित

**RANCHI :** लातेहार जिले के तेतरियाखाड़ कोलियरी में आगजनी और गोलीबारी करने के आरोपित गैंगस्टर अमन साहू, कुंदन कुमार, पंकज करमाली, विकास उर्फ छोटे और आकाश राय के खिलाफ आरोप गठित कर दी गई है। रांची एनआईए की विशेष न्यायाधीश मधुरेश प्रसाद वर्मा की अदालत में शुक्रवार को सभी अभियुक्तों के खिलाफ आरोप गठित कर दी गई है। इसके बाद अब ट्रायल की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है। एनआईए ने इस संबंध में कांड संख्या 1/ 21 दर्ज की है। आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं में आरोप गठित हुआ है।

### रांची में डोडा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**RANCHI :** रांची के तमाड़ थाना पुलिस ने भारी मात्रा में डोडा (नशीला पदार्थ) के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसका नाम अरविंद कुमार है। वह मूल रुप से बोकरो के चास का रहने वाला है। इसके पास से एक पिकअप वाहन, 195 किलो डोडा और एक मोबाईल फोन बरामद हुआ है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना पर बुंडू एसडीपीओ अजय कुमार और एसएसबी के उप-कमांडेंट दिनेश कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम ने तमाड़ के मरधान मोड़ के समीप आरोपित को पकड़ा। वाहन की जांच करने पर डोडा बरामद किया गया।

### सीएमपीडीआई में स्वच्छता पखवाड़ा शुरू, सीएमडी ने कर्मियों को शपथ दिलायी

**RANCHI :** सीएमपीडीआई के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने 16 से 30 जून तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा की शुरूआत कर्मियों को स्वच्छता शपथ दिलाकर की। इस दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक को खत्म करने के लिए जागरूकता अभियान, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता अभियान, अपशिष्ट/ कचरे का निपटान, शिक्षा और संचार सामग्रियां जैसी गतिविधियां होंगी। लोगों के बीच स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन और ड्राइंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# बोकारो में पुल निर्माण में अनियमितता के मामले में हाई कोर्ट ने स्थलीय जांच के लिए बनाई कमेटी



**PHOTON NEWS RANCHI**
झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में शुक्रवार को बोकारो के चंदनक्यारी सहित अन्य ब्लॉक में खेत में पुल बनाने एवं उसका एप्रोच रोड नहीं होने एवं पुल निर्माण के जिम्मेदार लोगों से पैसे की वसूली करने का आग्रह करने वाली रवि कुमार वर्मा की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में हाई कोर्ट ने पुल के स्थल की जांच के लिए तीन अधिवक्ता की कमेटी बनाई है। यह कमेटी 25 अगस्त तक अपनी रिपोर्ट कोर्ट को देगी। कमेटी देखेगी कि जो पुल बने हैं उसमें कनेक्टिंग रोड है या नहीं।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया कि बोकारो के चंदनक्यारी सहित कई ब्लॉक में ऐसे पुल बने हैं जिनका कोई कनेक्टिंग रोड नहीं है। ऐसे पुल बनाने में जनता की 100 करोड़ से अधिक रुपये की बबार्दी की गई है। कनेक्टिंग रोड के लिए सरकार ने कोई जमीन का अधिग्रहण नहीं की है और पुल बना दिया गया है। मामले में राज्य सरकार की ओर शपथ पत्र दायर कर बताया गया है कि कुछ ही पुल में कनेक्टिंग रोड नहीं है।

## सीएम को लीज आवंटन मामले की हाई कोर्ट में सुनवाई टली

**RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में खान विभाग में मंत्री रहते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा खुद एवं अपने रिश्तेदारों को लीज आवंटन करने से संबंधित आरटीआई कार्यकर्ता एवं हाई कोर्ट के अधिवक्ता सुनील कुमार महतो की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को टल गई। पिछली सुनवाई में मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल किया गया था।

सरकार की ओर से शपथ पत्र में बताया गया है माइनिंग लीज आवंटन मामले में एक जनहित याचिका में सीएम हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से पहले ही क्लीन चिट दी जा चुकी है। सरकार के जवाब पर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता विशाल कुमार को अपना प्रत्युत्तर देने का निर्देश कोर्ट ने दिया था।

याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को पिछली सुनवाई में बताया गया था कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खान विभाग के मंत्री पद पर रहते हुए संवैधानिक पद का दुरुपयोग किया है और स्वयं के लिए अनगड़ा में माइनिंग लीज आवंटित कर लिया है। इसके अलावा उन्होंने पत्नी कल्पना सोरेन एवं साली सरला मुर्मू के फार्म को भी माइनिंग लीज आवंटित किया है।

## झारखंड हाई कोर्ट में दलबदल मामले की सुनवाई सात जुलाई को

**RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में अब दलबदल मामले से संबंधित मामले में विस्तृत सुनवाई सात जुलाई को होगी। विधानसभा की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल के बीमार रहने के कारण आज सुनवाई टल गई।

पिछली सुनवाई में कोर्ट ने दो बिंदुओं पर सुनवाई के लिए सात जुलाई की तिथि निर्धारित की थी, जिनमें एक बिंदु में कहा गया है कि यदि कोई राजनीतिक दल अगर विपक्ष के नेता के लिए किसी का नाम देती है तो विधानसभा स्पीकर क्या सिर्फ इस आधार पर इस मामले को लंबित रख सकते हैं कि उनके खिलाफ दलबदल का केस चल रहा है। दूसरे बिंदु में कोर्ट ने कहा है कि क्या हाई कोर्ट को पावर है कि वह विधानसभा अध्यक्ष को विपक्ष के नेता बनाने के लिए निर्देश दे सकता है। सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की अवमानना याचिका पर राज्य के 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने एवं अन्य दलबदल मामलों की हाई कोर्ट में सुनवाई हो रही है।

# झारखंड में भीषण गर्मी का सितम जारी



**PHOTON NEWS RANCHI**
झारखंड में चिलचिलाती गर्मी और तेज लू से अभी लोगों को कोई राहत नहीं मिलेगी। अधिकांश जिलों का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। राज्य के कई हिस्सों में हल्की दर्जे की बारिश हो रही है लेकिन बारिश के बाद कुछ पल राहत के बाद लोगों को गर्मी और उमस बेचैन कर रही है।

भीषण गर्मी और गर्म हवा के थपेड़ों से आमजनों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। सुबह होते ही तेज धूप के कारण लोगों को गर्मी सताने लगी है और दोपहर होते ही लोगों का घर से कहीं बाहर निकलना मुश्किल होने लगा है, जिसके कारण लोग घरों में ही दुबके हैं। अभी राहत मिलने में लगभग एक सप्ताह का और समय लग सकता है। राहत की बात यह है कि झारखंड में प्री-मानसून गतिविधियां जल्द शुरू होने के संकेत मिलने लगे हैं।

राज्य के कई हिस्सों में प्री मानसून का असर दिख रहा है। प्री मानसून की वजह से राज्य के कई हिस्सों में छिटपुट बारिश की खबर आ रही है। जमशेदपुर के साथ- साथ सहित आसपास के शहरों में आंधी के साथ बारिश हुई। इसकी वजह से इन इलाकों में तापमान में थोड़ी राहत आयी है। दिनभर यहां तेज धूप रही लेकिन शाम को तेज आंधी और बारिश हुई। मौसम विभाग ने अभी कहा है कि राज्य में लोगों को अभी दो से तीन दिन तक गरमी झेलनी पड़ेगी।

रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि जल्द ही लोगों को राहत मिलेगी। मानसून बिहार और बंगाल के पास रुका हुआ है। इसलिए मानसून झारखंड में तीन से चार दिनों के अंदर दस्तक दे सकता है लेकिन पूरे राज्य में इसे फैलने में समय लगेगा। संताल के कुछ इलाकों में भी छिटपुट बारिश की खबर है। 17 जून को लू की स्थिति बनी रहेगी। लोगों को सचेत रहने की आवश्यकता है।

# आरटीआई से सूचना नहीं देने पर सहायक नगर आयुक्त और अपर नगर आयुक्त के विरुद्ध शिकायत दर्ज

**इंफोर्समेंट टीम के द्वारा पुलिस की जैसी खाकी वर्दी पहनने की नियम की सूचना नहीं देने का मामला**

- इंफोर्समेंट टीम ने कितने रुपये जुमार्ना वसूला, निगम के पास नहीं है जानकारी

**PHOTON NEWS RANCHI**
दीपेश निराला ने रांची नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त ज्योति कुमार और अपर नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन के विरुद्ध शिकायतवाद दर्ज कराया है। पूरे मामले की शिकायत प्रशासक सह नगर आयुक्त और नगर विकास विभाग के सचिव से की है। दरअसल, सूचना अधिकार कार्यकर्ता दीपेश कुमार निराला ने इंफोर्समेंट टीम के संबंध में जानकारी के लिए सूचना आवेदन और प्रथम अपील की थी। इसके बावजूद सूचना नहीं देने पर धारा-18 के तहत दीपेश निराला ने शिकायतवाद दर्ज कराया है।



दीपेश निराला की फाईल फोटो।

### बार-बार आरटीआई के बावजूद निगम नहीं दे रहा जानकारी

दीपेश ने सूचना आवेदन भेजकर रांची नगर निगम के इंफोर्समेंट टीम के द्वारा पुलिस के जैसी हु-ब-हू खाकी वर्दी पहनने के नियम की सूचना मांगी थी। जिसकी जानकारी अबतक निगम ने नहीं दी है। साथ ही साथ इंफोर्समेंट टीम के द्वारा पब्लिक से वसूले गए लाखों रुपयों की जानकारी मांगी थी। इस संबंध में सहायक नगर आयुक्त सह जन सूचना पदाधिकारी ने सूचना दिया कि रांची नगर निगम में संबंधित मामले की सूचना संधारित नहीं है। इसके बाद दीपेश निराला ने प्रथम अपील के तहत आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि प्रथम द्दष्टया सरकारी राशि के गबन का मामला लगता है। दीपेश ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करवाते हुए पूरे मामले की जांच करवाने का आग्रह किया। दीपेश ने बताया कि अगस्त 2022 में तत्कालीन मेयर आशा लकड़ा ने इंफोर्समेंट टीम के विरुद्ध शिकायतों पर समीक्षा बैठक की थी। बैठक में 12 इंफोर्समेंट टीम के अफसरों को चिन्हित किया गया थ। साथ ही उनपर कार्रवाई का निर्देश भी दिया था। दीपेश निराला ने मेयर द्वारा की गई बैठक की प्रोसिडिंग की सर्टिफाइड कॉपी की भी मांग की थी। साथ ही क्या कार्रवाई हुई इसकी भी सूचना मांगी थी। जो अबतक निगम ने दीपेश को नहीं दिया है। पूरे मामले के खिलाफ दीपेश निराला ने धारा-18 के तहत झारखंड राज्य सूचना आयोग में शिकायतवाद दर्ज कराया है। साथ ही पूरे मामले की शिकायत नगर आयुक्त और नगर विकास विभाग के सचिव से की है।

# झारखंड राज्य कृषि विपणन पर्षद के अध्यक्ष ने पदभार संभाला



**PHOTON NEWS RANCHI**
झारखंड राज्य कृषि विपणन पार्षद के नवनियुक्त अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह ने शुक्रवार को इटकी रोड स्थित कृषि विपणन कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। साथ ही उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल नेता आलमगीर आलम, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के प्रति आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि राज्य के व्यापारियों के तमाम हितों को ध्यान में रखा जाएगा। राज्य के सभी कृषि बाजार में मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएगी। राज्य के सभी कृषि बाजार मॉडल बाजार के रूप में विकसित हों, किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिले, यह कैसे सुनिश्चित हो इस दिशा में भी सार्थक रूप से पहल किया जाएगा।

पदभार ग्रहण समारोह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, महासचिव राकेश सिन्हा, अमुल्य नीरज खलखो, जयशंकर पाठक, राजीव रंजन प्रसाद, अशोक चौधरी, विनय सिन्हा दीपू, संजय लाल पासवान, अभिलाष सिन्हा, गजेन्द्र सिंह, अमरेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक ममता देवी, आभा सिन्हा, दिनेश लाल सिन्हा, विनिता पाठक, जगरनाथ साहु, राजेश चन्द्र राजू, संतोष सोनी, विभय शाहदेव आदि मौजूद थे।

# झारखंड योगासना टीम के खिलाड़ियों को तान्याज हेल्पिंग वेलफेयर फाउंडेशन ने किया सम्मानित



**PHOTON NEWS RANCHI**
सामाजिक संस्था तान्याज हेल्पिंग वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को जनजातीय खेल महोत्सव 2023 में भाग लेने वाले झारखंड योगासना टीम को नटराज योग संस्थान कचहरी में सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि भाजयुमो कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, नटराज योग संस्थान के संस्थापक सदस्य प्रशांत सिंह, गोपाल सिंह, विशाल कुमार, आर्य प्रहलाद भगत, सुषमा कुमारी, आदि कई उपस्थित थे। सभी लोगों ने सभी विजेता खिलाड़ियों माला पहनाकर और पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सुमन कुमारी तिग्गा, रेशमी तिर्की, सूरज उरांव, सुमित उरांव, आर्यन लोहरा सहित कई योग खिलाड़ी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि नौ से 12 जून 2023 तक भुनेश्वर कीट यूनिवर्सिटी में आयोजित किया गया था।

**जरूरतमंदों की सहायता के लिए पत्रकार कला मंच के प्रयास की हो रही सराहना**

# पत्रकार कला मंच ने आदिम जाति सेवा मंडल को दी खाद्य सामग्री



**PHOTON NEWS RANCHI**
पत्रकार कला मंच की ओर से शुक्रवार को आदिम जाति सेवा मंडल के बच्चों को खाद्य सामग्री प्रदान की गई. पिछले 11 जून को मंच ने इन बच्चों के सहायतार्थ नाटक सैंया भए कोतवाल का चैरिटी शो किया था। आदिम जाति सेवा मंडल के सुपरिटेंडेंट अजय श्रीवास्तव और कोषाध्यक्ष सुमर उरांव को मंच के सदस्यों ने यह सामग्री सुपुर्द की। इसमें 300 किलो चावल, 50 किलो दाल, 2 टिन सरसों तेल, 25 किलो सोयाबीन, बिस्कुट, टॉफी, मुरही, साबुन, डिटर्जेंट और अन्य सामग्रियों के अलावा एक सीलिंग फैन भी दिया गया।

### पत्रकार कला मंच का यह प्रयास काबिले तारीफ

मंच के कोषाध्यक्ष एसआरपी मुकेश ने बताया कि पिछले साल मंच ने नगड़ी के एक वृद्धआश्रम के सहायतार्थ मंचन किया था और इस बार इन बच्चों के लिए किया। भविष्य में भी जरूरतमंदों के सहायतार्थ मंच कार्यक्रम करता रहेगा। सेवा मंडल के सुपरिटेंडेंट अजय श्रीवास्तव ने पत्रकार कला मंच का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मंच ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया है और इससे इन बच्चों के दो-तीन महीनों के राशन का इंतजाम हो जायेगा। केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक एमपी सिंह ने कहा कि पत्रकार कला मंच का यह प्रयास काबिले तारीफ है, क्योंकि पत्रकार अपना काम करते हुए समाज सेवा भी कर रहे हैं। मंच के सदस्यों ने सेवा मंडल के बच्चों के साथ भोजन भी किया।

मौके पर सिटिजन फाउंडेशन के सुजोल के अलावा मंच के संरक्षक निलय सिंह, अध्यक्ष अमित दास, उपाध्यक्ष संतोष मृदुला, सचिव संदीप नाग, संयुक्त सचिव परवेज कुरैशी, सदस्य संजय सिंह, राज सिंह, विनय मुर्मू, स्वस्तिका, शर्मिष्ठा, शिवांग और बसंत मौजूद रहे.

# कांटाटोली-मेकॉन फ्लाईओवर निर्माण को लेकर पटेल चौक से सिरमटोली के बीच 5 जुलाई तक यातायात बंद



**PHOTON NEWS RANCHI**
कांटाटोली-मेकॉन फ्लाईओवर निर्माण कार्य के कारण शनिवार से सिरमटोली झ पटेल चौक मार्ग पर परिचालन पूर्णतः बंद रहेगा। ट्रैफिक एसपी कार्यालय से जारी नोटिस के अनुसार यह व्यवस्था पांच जुलाई तक लागू रहेगी। इस दौरान सिर्फ सिरमटोली-पटेल चौक के बीच रहने वाले लोगों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। सिरमटोली चौक से पटेल चौक एवं पटेल चौक से सिरमटोली चौक की ओर आने-जाने वाले सभी प्रकार के वाहन रांची रेलवे स्टेशन होकर जायेंगे. इसको लेकर शुक्रवार को ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमां ने निर्देश जारी किया है। बता दें कि फ्लाईओवर निर्माण कार्य करने वाली कंपनी की ओर से ट्रैफिक एसपी को आवागमन बंद करने का अनुरोध किया गया था ताकि ओवरब्रिज के ऊपरी हिस्से का कार्य किया जा सके।

# SAHIBGANJ : सवा लाख की अवैध लॉटरी के साथ आरोपी गिरफ्तार

**PHOTON NEWS SAHIBGANJ**

साहिबगंज, 16 जून (हि.स.)। राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तरी बेगमगंज सीतराम टोला काली मंदिर के पास से अवैध लॉटरी टिकट के साथ पुलिस ने इंद्रजीत कुमार मंडल को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम इंद्रजीत कुमार मंडल है। इसके पास से एक लाख 28 हजार 500 रुपये की लॉटरी पुलिस ने बरामद की गई।



गिरफ्तार आरोपी व जानकारी देती पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

इस मामले में बरहरवा एसडीपीओ प्रदीप उरांव ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि राधानगर क्षेत्र में गुप्त रूप से लॉटरी बेचा जा रहा है । इस सूचना की सत्यापन के लिए राधानगर थाना प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी का निर्देश दिया गया। पुलिस ने पेशेवर तरीके से छापेमारी की और एक लाख 28 हजार 500 रुपये लागत की लॉटरी के साथ लॉटरी विक्रेता को गिरफ्तार किया। इस मामले में सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार व्यक्ति को जेल भेजा गया है। इसके साथ अवैध लॉटरी का तार कहां से जुड़ा है, पुलिस इसकी पता लगा रही है।

## पलामू में पुल निर्माण में लगे ट्रैक्टर व बाइक को बदमाशों ने दिनदहाड़े फूंका

**PHOTON NEWS PALAMU**

जिले के विश्रामपुर थाना क्षेत्र के खूंटीसोत नदी पर पुल निर्माण में लगे ट्रैक्टर और बाइक को अपराधियों ने दिनदहाड़े फूंक दिया। इस घटना के पीछे भी लेवी का मामला सामने आ रहा है। मौके से बरामद पर्चा को संदिग्ध बताया गया है।

बताया जाता है कि खूंटीसोत नदी पर मां छिन्नमस्तिका कंपनी पुल का निर्माण कर रही है। शुक्रवार की सुबह छह से अधिक संदिग्ध लोग मौके पर पहुंचे और मजदूरों से मोबाइल छीन लिया। साथ ही उनके साथ हल्की मारपीट की। मोबाइल लूटने के बाद हमलावरों ने आगजनी की घटना को अंजाम दिया।

सूचना मिलने पर विश्रामपुर के एसडीपीओ सुरजीत कुमार, रेहला के इंस्पेक्टर, विश्रामपुर के थाना प्रभारी जांच के लिए मौके पर पहुंचे। एसडीपीओ ने बताया कि पुल निर्माण में लगी कंपनी को लेवी के लिए कोई कॉल नहीं आया था। मामले में अनुसंधान किया जा रहा है। अपराधी या उग्रवादी की संलिप्तता को भी जांचा जा रहा है।

## गिरिडीह में दलालों के चंगुल से नाबालिग को बचाया, छह गिरफ्तार

**GIRIDIH :** बाल संरक्षण इकाई ने मुफ्फसिल थाना पुलिस के सहयोग से एक नाबालिग को फर्जी शादी के बहाने दलालों के चंगुल से बचा लिया। इस बाबत बाल संरक्षण इकाई के जिला संयोजक जीतू कुमार ने इस मामले में छह आरोपितों के खिलाफ मुफ्फसिल थाना में केस दर्ज कराया है। गिरफ्तार आरोपितों में पांच हरियाणा के एवं एक गिरिडीह का है। सूचना मिलने पर बाल संरक्षण इकाई के सदस्य पुलिस को सूचना देते हुए घटनास्थल पहुंचे और मुफ्फसिल थाना इलाके में छापेमारी की। इस दौरान फर्जी शादी करते हुए एक दलाल को पुलिस ने दबोचा। उसके कहने पर हरियाणा से आए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। हरियाणा से आए पांचों आरोपितों ने गिरिडीह के दलाल को मोटी रकम का भुगतान किया और फर्जी शादी योजना बनायी।

## व्यवहार न्यायालय में पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता कार्यक्रम का समापन

**PHOTON NEWS KHUNTI**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में आयोजित पांच दिवसीय स्पेशल मेडिएशन कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को मध्यस्थता केंद्र, व्यवहार न्यायालय हो गया। स्पेशल मेडिएशन कार्यक्रम के तहत मध्यस्थता केंद्र, खूंटी के मध्यस्थ अधिवक्ता धनिक गुड़िया, अनिता वर्मा और गोपाल राम गंझू ने पारिवारिक विवाद संबंधित वादों का सुलह-समझौता कराया। इस दौरान मध्यस्थता के समक्ष पारिवारिक विवाद से संबंधित प्रस्तुत एक मामले का पक्षकारों के बीच सुलह-समझौते के आधार पर निष्पादन किया गया।

## लोहरदगा : हेलमेट पहनने के लिए सघन वाहन जांच अभियान चलाने के दिये निर्देश

**PHOTON NEWS LOHARDAGA**

उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम सड़क दुर्घटना में मृत व घायल मामलों की समीक्षा की गई। सड़क दुर्घटना को देखते हुए पुलिस विभाग को हेलमेट पहनने के लिए सघन वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश पुलिस विभाग को दिया।

हिट एंड रन मामले में थाना स्तर से लंबित मामलों से संबंधित दस्तावेज सड़क सुरक्षा कार्यालय को भेजे जाने का निर्देश दिया गया। एनएच को सड़क मरम्मति, रम्बल स्ट्रिप लगाये जाने से संबंधित निर्देश दिये गये। गुड सैमरिटन को चिन्हित करते हुए व्यक्ति को दिए जाने वाले लाभ से लाभान्वित किये जाने का निर्देश दिया गया।



बैठक में शामिल डीडीसी समीरा एस व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी को कचहरी चौक, किस्को मोड़ से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया। सड़क दुर्घटनाओं का आई-राइड पोर्टल में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा इंट्री सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में नरौली-आकाशी, कैरो-बक्सी, लोहरदगा-भंडरा पथ में सड़कों पर गड्ढे, कचहरी चौक से दुपट्टा चौक के खराब सड़क की स्थिति, नवाड़ीपाड़ा में विद्यालय के पास कलवर्ट के ऊपर खराब सड़क समेत अन्य मामले उठाये गए।

## सीसीएल में मानव संसाधन एवं अपनी कंपनी को जाने पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**PHOTON NEWS RANCHI**

सीसीएल और एनआईपीएम, रांची चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस स्थित प्रकाश सभागार में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मानव संसाधन एवं अपनी कंपनी को जानें विषय पर आधारित क्विज प्रतियोगिता में वैकल्पिक, मौखिक एवं रैपिड राउंड शामिल थे। कार्मिक निदेशक हर्ष नाथ मिश्र ने विजयी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई देते हुये कहा कि यह एक ऐसा प्लेटफार्म है, जो कर्मियों को अपने कंपनी के बारे में अधिक से अधिक जानने की उत्सुकता को बढ़ाता है और कर्मी भी उत्साह से ऐसे प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं।

इस प्रतियोगिता में सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों के आला अधिकारी (कार्मिक) ने भाग लिया। क्विज का उद्देश्य वरीय अधिकारियों को कंपनी में प्रचलित एचआर नियमों तथा कोल इंडिया लिमिटेड से संबन्धित जानकारियों को और बढ़ाना था।

प्रतियोगिता में श्रीमती कविता गुप्ता, मुख्य प्रबंधक (का. एवं औ.सं.) प्रथम स्थान जबकि श्रीमती देवजानी मांडी, प्रबंधक (अधि. स्था.) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को सहभागिता के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। सभी प्रतिभागियों ने क्विज की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रतियोताओं से कंपनी से जुड़े तथ्यों के पुनः स्मरण में मदद मिलती है साथ ही स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के भावना का भी विकास होता है।

## मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में 55 अतिरिक्त टैंकरों से होगी जलापूर्ति

**PHOTON NEWS PALAMU**

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में फिलवक्त जितनी संख्या में टैंकरों से जलापूर्ति की जा रही है, वह नाकाफी साबित हो रही है। कई इलाकों में पेयजल संकट बनने के कारण पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने शुक्रवार को नगर आयुक्त रवि आनंद से मुलाकात की और टैंकरों की संख्या बढ़ाने को लेकर चर्चा की। इस क्रम में प्रत्येक दिन 55 अतिरिक्त टैंकर पानी निगम क्षेत्र में बढ़ाने पर सहमति बनी।





नगर आयुक्त से चर्चा करते के एन त्रिपाठी। ● द फोटोन न्यूज

उल्लेखनीय है कि निगम क्षेत्र में पेयजल संकट को लेकर पिछले रविवार को पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने क्षेत्र के वार्ड पार्षदों के साथ परिसदन में बैठक की थी। इस क्रम में इलाकों में व्याप्त जल संकट पर चर्चा के साथ तत्काल निदान का निर्णय लिया गया था। शहर में टैंकर की संख्या बढ़ाने की मांग को लेकर डीसी और नगर आयुक्त से मिलने का निर्णय लिया गया था।

## सीएम आवास का घेराव करने के लिए हजारीबाग में पारा शिक्षकों की बैठक

**PHOTON NEWS HAZARIBAGH**

टाटीझरिया के बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर में प्रखंड के पारा शिक्षकों की बैठक एकीकृत संघर्ष मोर्चा के बैनर तले शुक्रवार को हुई। इसकी अध्यक्षता मोहन प्रसाद कुशवाहा एवं संचालन नरेंद्र यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड के शत-प्रतिशत पारा शिक्षकों के मुख्यमंत्री आवास घेराव करने जाने पर सहमति बनाई गई।



बैठक के बाद विरोध प्रदर्शन करते पारा शिक्षक। ● द फोटोन न्यूज

संघ के प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष कुमार ने कहा कि सरकार बनने के करीब 4 साल होने को है लेकिन हमारी मांग पूरी नहीं की गई है। अब हमलोग आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। सरकार अभी भी वेतनमान की घोषणा नहीं करती है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी सारी जिम्मेदारी सरकार को जाएगी। प्रखंड सचिव चन्दन ठाकुर ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर 17 जून को राज्य के पारा शिक्षक मुख्यमंत्री आवास घेराव करेंगे।

बैठक में बड़ी संख्या में पारा शिक्षक मौजूद थे।

## पंद्रह दिनों से गायब महिला का शव मिला, तीन गिरफ्तार

**PHOTON NEWS GIRIDIH**

जिले के तिसरी के लोकाई नयनपुर थाना इलाके के दनोखुता गांव की 45 वर्षीय अपहृत महिला रीना देवी का शव शुक्रवार दोपहर में पुरुवा पहाड़ी के पुराने माइका खदान में मिला। पुलिस ने इस मामले में राजकिशोर राय को गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर ही तिसरी के कर्मतांड गांव निवासी लुटन राय और जागेश्वर राय को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार तीनों आपस में रिश्तेदार हैं। पुलिस ने तीनों की निशानदेही पर रीना देवी का मोबाइल फोन के साथ एक हेंडबैग और एक बाइक समेत कई और समान बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक राजकिशोर ने जुर्म भी कबूल किया है। पूछताछ में तीनों ने मिलकर गला दबाकर हत्या करने की बात कबूली है। फिलहाल, हत्या के कारणों का खुलासा करने से पुलिस इंकार कर रही है।

उल्लेखनीय है कि रीना देवी पिछले एक जून से गायब थी।

## प्रमुख ने नोडल पैक्स सेंटर का किया उद्घाटन

**PHOTON NEWS PALAMU**

पांकी प्रखंड के ताल पंचायत सचिवालय के समीप नोडल पैक्स सेंटर का उद्घाटन शुक्रवार को प्रमुख पंचम प्रसाद, जिला कृषि पदाधिकारी दिनेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, ताल पंचायत के मुखिया अनीता लोहरा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। ताल पंचायत के किसानों के बीच बीज वितरित किया गया।

प्रमुख पंचम प्रसाद ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार किसानों की आय को दोगुना करने के लिए यह महत्वकांक्षी योजना लायी है. इसके तहत किसानों को 50% अनुदान पर बीज एवं उर्वरक प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि अच्छी किस्म के धान के उत्तम किस्म का हाईब्रिड बीज एवं उर्वरक नोडल पैक्स सेंटर में उपलब्ध कराया गया है। किसानों को पैक्स से बीज प्राप्त होगा।



किसानों को बीज वितरित करते प्रमुख व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

नोडल पैक्स अध्यक्ष शिव प्रसाद ने बताया कि उक्त सेंटर में तीन सौ क्विंटल हाइब्रिड धान के बीज एवं डेढ़ सौ क्विंटल आई आर चौसठ धान के बीज एवं उर्वरक का वितरण सतबरवा, लेस्लीगंज, मेदिनीनगर एवं पाकी के पंजीकृत किसानों के बीच किया जाएगा. मौके पर उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद, बीटीएम प्रदीप तिवारी, गौतम कुमार, बिंदेश्वरी यादव, महरंग यादव, अशोक यादव, गीरेंद्र यादव, मधु सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## HUSAINABAD में हुआ झारखंड का सबसे बड़ा भूमि घोटाला

# एक ही दिन में 56 साल की लगान रसीद काटने का मामला

**PHOTON NEWS PALAMU**

झारखंड का सबसे बड़ा भूमि घोटाला हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में उभरकर सामने आया है। यहां एक ही दिन में 56 साल पूर्व का मोटेशन कर 56 साल की लगान रसीद काटने का मामला भी सामने आया है। जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र की हजारों एकड़ गैर मजरुआ भूमि जमींदारों, कर्मचारियों, अधिकारियों के अलावा सफेदपोश लोगों के नाम बंदोबस्त कर दी गई है। सरकारी कार्यालयों, चारागाहों, निकसार, चौक, मंदिर आदि के आसपास की भूमि की भी बंदोबस्ती कर राजस्व रसीद निर्गत कर दी गई है।



उधर, जांच कराए जाने पर एक भी भूमि का दस्तावेज किसी कार्यालय में उपलब्ध नहीं है। इस घोटाले में कार्यालय के कई चालक ने भी अपने पास मौजूद कागजातों को प्रस्तुत कर पैसे और पैरवी के बल पर ऑनलाइन राजिस्टर टू में दर्ज करा लिया है। जिस भूमि का किसी कार्यालय में दस्तावेज नहीं है। सरकार से पुनः झारखंड सरकार घोषित कर आम आवाम के उपयोग व सरकारी भवनों के निर्माण के उपयोग में लाने की मांग उठने लगी है।

हैदरनगर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह व विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान ने कहा कि बिना दस्तावेज की भूमि को सरकारी भूमि घोषित करें। ऐसा नहीं होने पर नेताओं ने अनुमंडल क्षेत्र के एक एक गांव की भूमि को चिन्हित कर उच्च न्यायालय व प्रवर्तन निदेशालय में याचिका दायर करने की चेतावनी दी है। याचिका के माध्यम से हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में 1989 से 1993 तक बंदोबस्त हुई भूमि की जांच कराने की बात उन्होंने की है।

## BRIEF NEWS

### पलामू एसपी की पहल पर मरीज को मिला दो यूनिट रक्त

**PALAMU :** जिले के पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरी निवासी शंकर महतो को शुक्रवार को खून की अति आवश्यकता थी। वह खून चढ़वाने सदर अस्पताल पहुंचा लेकिन खून का इंतजाम नहीं हो पाया।शंकर ने किसी व्यक्ति के माध्यम से पलामू एसपी चंदन सिन्हा से गुहार लगाई। इसके बाद एसपी ने सार्जेंट मेजर अनीश मोहित कुजुर को दो यूनिट ब्लड उपलब्ध कराने का आदेश दिया। सार्जेंट मेजर ने पुलिस लाइन से अपने दो जवान संजय चौधरी आरक्षी 617, जवान अनुज कुमार आरक्षी 554 को मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजकर बीमार मरीज शंकर महतो को दो यूनिट खून दिया। खून मिलने के बाद मरीज व मरीज के परिजनों ने पलामू एसपी चंदन सिन्हा को धन्यवाद दिया। रक्तदान के संबंध में एसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि जिले में खून की कमी से एक भी व्यक्ति की मौत ना हो यह सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने जिले वासियों से रक्तदान से संबंधित भ्रांतियां से दूर रहने व ऐसे सभी अफवाहों से बचने के साथ पीड़ित मानवता की जीवन रक्षा के लिए रक्तदान करने की अपील की।

### सरायकेला की स्टील कंपनी में एसएमएस ब्लास्ट

**SARAIKELA :** जिले के कांड्रा स्थित अमलगम स्टील पावर लिमिटेड कंपनी में शुक्रवार तड़के साढ़े तीन बजे चार नंबर एसएमएस ब्लास्ट हो गया, जिससे कंपनी परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद प्रबंधन ने दुर्घटनास्थल पर मजदूरों की आवाजाही पर रोक लगा दी। कंपनी प्रबंधन ने घटना में किसी के भी घायल होने से इंकार किया है। साथ ही गोपनीयता बरत रही है। मिली जानकारी के अनुसार, इस दुर्घटना में कुछ मजदूर घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है। एक सुपरवाइजर ईचागढ़ निवासी एके सिंह को भागने के क्रम में चोटें आई है। हालांकि, अभी तक इस बारे में प्रबंधन की ओर से कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। कंपनी के सुरक्षाकर्मियों ने भी इस मामले में पूछे जाने पर चुप्पी साध ली और कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। कंपनी परिसर में हुई इस दुर्घटना के बाद कंपनी में सुरक्षा मानकों पर सवाल उठने लगे हैं।

### 30 कार्टन नकली विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**CHATRA :** जिले की राजपुर थाना पुलिस ने 30 पेटी नकली विदेशी शराब के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम बहादुर कुमार बताया गया है। बहादुर चतरा के गिद्धौर का रहने वाला है। इसके पास से 30 कार्टन नकली विदेशी शराब, एक मोबाइल फोन और एक अल्टो कार जब्त किया गया है। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर राजपुर थाना क्षेत्र के रोशना मोड़ के पास जोलडीहा जाने वाली पक्की सड़क पर एक सफेद रंग के अल्टो पर लदे 30 कार्टून नकली शराब बरामद किया गया है। मामले में गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

### स्कूली छात्रा का मिला शव, दुष्कर्म की आशंका

**CHATRA :** लावालोंग थाना क्षेत्र के जंगल से एक लड़की का शव मिला। उसकी उम्र 17 वर्ष थी। वह कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में 11वीं में पढ़ती थी। वह छुट्टियों में घर आई थी। लड़की गुरुवार को महुआ चुनने जंगल गई थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटी। लड़की के परिजन उसे ढूंढने के लिए जंगल की ओर गए, जहां जंगल में एक जगह उसका थैला और बिखरा हुआ डोरही का फल मिला। वहां पर परिजनों को खून के कुछ धब्बे भी दिखे। आसपास ठीक से खोजने के दौरान छात्रा का शव झाड़ी में पत्तों में खून से सना हुआ मिला। आशंका जताई जा रही है कि दुष्कर्म के बाद लड़की हत्या कर दी गई है। सबूत मिटाने के लिए चेहरे को पत्थर से कुचलने का भी प्रयास किया गया है। छात्रा का शव मिलने पर इसकी सूचना घरवालों ने स्थानीय थाना प्रभारी बमबम कुमार को दी। सूचना मिलने के बाद शुक्रवार को एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी के निर्देश पर थाना प्रभारी और एएसआई रोहित कुमार मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। पुलिस ने घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

### मेदिनीनगर में नए मोटर खराब, जांच की मांग



खराब पड़ा नया मोटर। ● द फोटोन न्यूज

**PALAMU :** मेदिनीनगर शहर के पंपूकल बेलवाटिकर में एक साल पहले लगी दो नई मोटर खराब हो गई है, जिससे बेलवाटिकर, जेलहाता, मजिस्ट्रेट कॉलोनी में जलापूर्ति ठप हो गयी है। ऐसी स्थिति पिछले 48 घंटे से बनी हुई है। मामले में बीजेपी के वरिष्ठ नेता और जलापूर्ति के लिए हमेशा सक्रिय रहने वाले परशुराम ओझा ने उपायुक्त और नगर आयुक्त को जानकारी दी है। बीजेपी नेता ने कहा है कि पंपूकल जलापूर्ति केन्द्र में 4 मार्च, 2022 को दो नई मोटर लगाई गई थी। दोनों खराब हो गयी है, जिससे शहर के आधा दर्जन इलाकों में जलापूर्ति बाधित है। उन्होंने नई मोटर के जल जाने के मामले की जांच करने की मांग की है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष कारावास की सजा और जुर्माना

**KODERMA :** नाबालिग के साथ दुष्कर्म के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय तरुण कुमार की अदालत ने शुक्रवार को आरोपित डब्लू सिंह उर्फ डेगना (26) निवासी नीरपुर डोमचांच को पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 25 हजार जुमार्ना भी लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। डोमचांच थाना में कांड संख्या 11/20 पॉक्सो दर्ज कराया गया था। अभियोजन का संचालन पीपी पीके मंडल ने किया। इस दौरान कुल 8 गवाहों का परीक्षण कराया गया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आत्मानंद पांडे ने बचाव करते हुए दलीलें पेश की।

### दलालों के चंगुल से नाबालिग को बचाया, छह गिरफ्तार

**GIRIDIH :** बाल संरक्षण इकाई ने मुफ्फसिल थाना पुलिस के सहयोग से एक नाबालिग को फर्जी शादी के बहाने दलालों के चंगुल से बचा लिया। इस बाबत बाल संरक्षण इकाई के जिला संयोजक जीतू कुमार ने इस मामले में छह आरोपितों के खिलाफ मुफ्फसिल थाना में केस दर्ज कराया है। गिरफ्तार आरोपितों में पांच हरियाणा के एवं एक गिरिडीह का है। सूचना मिलने पर बाल संरक्षण इकाई के सदस्य पुलिस को सूचना देते हुए घटनास्थल पहुंचे और मुफ्फसिल थाना इलाके में छापेमारी की। इस दौरान फर्जी शादी करते हुए एक दलाल को पुलिस ने दबोचा। उसके कहने पर हरियाणा से आए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। हरियाणा से आए पांचों आरोपितों ने गिरिडीह के दलाल को मोटी रकम का भुगतान किया और फर्जी शादी योजना बनायी।

# JAYANTI सरोवर में मरी हुई मिली हजारों मछलियां, स्वर्णरेखा भी सिसक रही

## मछली मरने की घटना को लेकर शहरवासी चिंतित, मरी हुई मछलियों को बाहर निकालने के लिए लगाए गए 30 कर्मचारी

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** जुबिली पार्क के जयंती सरोवर में शुक्रवार की सुबह हजारों मछलियां मरी हुई पाई गई। जिससे पूरे शहर में हड़कंप मचा हुआ है। हालांकि, मरने का अभी तक स्पष्ट कारण सामने नहीं आ सका है। दरअसल, रोजाना की तरह सुबह में लोग टहलने के लिए पहुंचे थे। तभी जयंती सरोवर से तेज दुर्गंध आने लगी। इस दौरान लोगों ने जाकर देखा तो भारी मात्रा में मछलियां मरी हुई थी, जिसे लेकर लोग काफी चिंतित दिखे। वहीं, ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने इसकी जानकारी संबंधित पदाधिकारियों को दी। इसके बाद मरी हुई मछलियों को बाहर निकालने का कार्य शुरू हुआ। इसमें लगभग 30 कर्मचारियों को लगाया गया है। सुबह आठ बजे से ही सरोवर की सफाई चल रही है। कर्मचारियों का कहना है कि लगभग हजारों की संख्या में मछलियां मरी हुई है। सभी मछलियों को बाहर निकालने में दिनभर का समय लगेगा। इधर, जैसे-जैसे लोगों को इसकी जानकारी मिल रही थी वे देखने के लिए पहुंच रहे थे। परसुडीह निवासी रवि कुमार ने कहा कि उन्हें सोशल मीडिया से जानकारी मिली कि यहां मछलियां मरी हुई है, जिसे देखने के लिए वे आए हैं। उन्होंने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इसपर सख्त कदम उठाने की जरूरत है। हर साल गर्मी के मौसम में मछलियां मरती है लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता है। वहीं, साकची से प्रवीण कुमार भी पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि मछलियां मरने के कई कारण है। उसपर ध्यान देने की जरूरत है। अन्यथा इसी तरह मछलियां मरते रहेगी।


जुबिली पार्क का जयंती सरोवर व इनसेट में मृत मछलियां • फोटोन न्यूज

**लोगों ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग :** भारी संख्या में मरी हुई मछलियों को देखकर लोग काफी चिंतित है। बिष्टुपुर निवासी जसप्रीत सिंह ने कहा कि मछलियों का मरना काफी गंभीर विषय है। इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। ताकि हर साल गर्मी में उत्पन्न होने वाली यह समस्या दूर हो। इसी तरह और लोगों ने भी जांच की मांग की है।


**मछलियों की मौत के ये हो सकते हैं कारण :** जयंती सरोवर में हर दिन मछली पकड़ने वाले लोग भी पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि गुरुवार तक मछलियां मरी हुई नहीं थी। शुक्रवार की सुबह में अचानक से पता चला तो वे लोग देखने के लिए आए हैं। उनके अनुसार, मछलियों के मरने का कई कारण हो सकते हैं। भीषण गर्मी में पानी में ऑक्सीजन की कमी होने लगती है। इसके अलावा सरोवर में गिरने वाला गंदा पानी भी जिम्मेदार हो सकता है। इसके अलावा और भी कई कारण हो सकते हैं, जो जांच के बाद ही पता चल सकता है।

**जलकुंभी से पटी स्वर्णरेखा :** इधर, शहर की जीवन रेखा मानी जाने वाली स्वर्णरेखा नदी भी जलकुंभी से पट गई है। नदी के चारों तरफ जलकुंभी भर चुकी है। विशेषज्ञों का कहना है कि स्वर्णरेखा को जलकुंभी निगल रहा है। जलकुंभी की वजह से पानी में ऑक्सीजन की कमी हो रही है और इससे प्रदूषण स्तर बढ़ता जा रहा है, जो जलीय जीवों के लिए भी खतरनाक है। विशेषज्ञों ने यह भी बताया है कि जलकुंभी से जलाशयों का पानी जहरीला हो जाता है और इसका प्रयोग किसी भी हाल में उचित नहीं है।

### मानगो : रात में छत पर सोया था पूरा परिवार

# नगदी समेत जेवर व स्कूटी ले भागे चोर

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** मानगो, उलीडीह थाना अंतर्गत राजेंद्र नगर नया मुहल्ला निवासी शम्भू कुमार झा के घर गुरुवार की रात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। इस दौरान नगद राशि के साथ ही लाखों के जेवर समेत एक स्कूटी भी चोर चुरा ले गए। बताया जाता है की बीती रात इलाके में बिजली कटी हुई थी। अधिक गर्मी की वजह से शम्भू झा व उनका पूरा परिवार छत पर सोया हुआ था। इस दौरान घर के मुख्य द्वार को लांघ कर चोर घर में प्रवेश कर गए जिसके बाद अलमीरा के ताले को तोड़ कर उसमें रखे 65 हजार नगद व करीब दो लाख के गहनो पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। इसके बाद रूम में रखे चाबी को लेकर बाहर खड़े इलेक्ट्रीक स्कूटी को भी चोर चुरा ले गए। पीड़ित परिवार ने इसकी शिकायत पुलिस थाने में की है जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि इसमें कोई आसपास का व्यक्ति भी शामिल हो सकता है जिसे यह पता हो कि परिवार के लोग बिजली कटने पर छत पर सोते हैं। पुलिस की मानें तो जल्द ही वह चोरों को पकड़ लेगी। इसके लिए आसपास के ऐसे घरों में जहां सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है उसे भी खंगाला जा रहा है।


अलमारी देखती महिला • फोटोन न्यूज

## आग में झुलसे 4 साल के सबर बच्चे को एमजीएम में कराया गया भर्ती

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** बहरागोड़ा के मौदा निवासी हीरालाल देहुरी के चार वर्ष के पुत्र विश्वजीत देहुरी के आग से झुलसने पर 5 जून को बारीपदा, ओड़िशा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 9 दिनों के उपचार के बाद विश्वजीत को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया जिसके बाद परिजन घर ले आए। आर्थिक स्थिति खराब रहने के कारण विश्वजीत के परिजन अच्छे अस्पताल में इलाज करा पाने में असमर्थ थे। जिले की उपायुक्त के संज्ञान में उक्त मामला आने के बाद तत्काल उन्होने बीडीओ बहरागोड़ा एवं सिविल सर्जन को एंबुलेस की व्यवस्था कर एमजीएम लाने के निर्देश दिए। फिलहाल बच्चे को एमजीएम के बर्न यूनिट में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।



### जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी

## वेदांता लिमिटेड द्वारा किया जा रहा कैंपस रिक्रूटमेंट

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** वेदांता लिमिटेड जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में कैंपस रिक्रूटमेंट के द्वारा वर्ष 2023 में एमकॉम/ एमएससी/ बीकॉम/ बीएससी उत्तीर्ण छात्राओं को रोजगार का अवसर दे रहा है। यह जानकारी विवि की कुलपति प्रो अंजिला गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि इसके जरिए छात्राओं को कैंपस रिक्रूटमेंट में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया है। प्रसिद्ध वेदांता समूह के तहत, वेदांता लिमिटेड दुनिया के अग्रणी प्राकृतिक संसाधन समूहों में से एक है। यह झारखंड के बोकारो क्षेत्र में कार्य कर रही है। इतने बड़े औद्योगिक समूह में रोजगार प्राप्त होना छात्राओं को बार बार जॉब बदलने की चिंता से मुक्त कर सकता है। इस कारण हमारी छात्राओं के लिए यह एक स्वर्णिम अवसर है और सभी विभागाध्यक्षों से कहा गया है कि सभी पात्र छात्राओं तक इसकी सुचना अवश्य दें जिससे कि ज्यादा से ज्यादा प्रतिभागिता सुनिश्चित हो। वेदांता लिमिटेड के कैंपस रिक्रूटमेंट के लिए छात्राओं को अपने विभाग के विभगाध्यक्ष से संपर्क करने को गया है।

**पात्रता मापदंड**

1. 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन में 60% अंक हों
2. चयन और ज्वाइनिंग के समय कोई बैकलॉग न हो
3. नियमित पूर्णकालिक स्नातक

**पैकेज**

1. एमकॉम/एमएससी के लिए 5.50 लाख प्रति वर्ष
2. बीकॉम/बीएससी के लिए 4.65 लाख प्रति वर्ष

**चयन प्रक्रिया**

1. क्षमता / तकनीकी का ऑनलाइन मूल्यांकन
2. व्यक्तिगत साक्षात्कार
स्थान : बोकारो, झारखंड

# झारखंड के इंजीनियरिंग कॉलेजों में एडमिशन के लिए काउंसिलिंग की तिथि जारी की गयी

## पहले राउंड के लिए आज से शुरू हुआ आवेदन

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीईसीईबी) ने जेईई मेन की स्टेट मेरिट लिस्ट के आधार पर राज्य के इंजीनियरिंग संस्थानों में सत्र 2023-24 में प्रवेश के लिए सेकेंड काउंसलिंग की तिथि जारी कर दी है। इंजीनियरिंग संस्थानों में बीई एवं बीटेक कोर्स के लिए आनलाइन काउंसलिंग होगी। आवेदन के लिए जेसीईसीईबी की वेबसाईट https://jceceb.jharkhand.gov.in पर जाना होगा। आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसमें करेक्शन का भी मौका मिलेगा। विदित हो कि राज्य इंजीनियरिंग कालेज में एआइसीटीइ से मान्यता प्राप्त कुल 4898 सीट है। बीआइटी सिंदरी में 680 सीट पर इस काउंसिलिंग के जरिए नामांकन होगा।



**पहले राउंड की काउंसिलिंग**

जेसीईसीईबी के अनुसार 16 जून से 7 जुलाई तक अभ्यर्थी आनलाइन आवेदन भर सकेंगे। आवेदन में संसोधन 8 व 9 जुलाई को किया जाएगा। वहीं 11 जुलाई को राज्यस्तरीय मेरीट लिस्ट जारी की जाएगी। इसके आधार पर पहले चरण की काउंसिलिंग 13 जुलाई से शुरू होगी। जबकि च्वाइंस फिलिंग व सीट एलॉटमेंट 19 जुलाई को होगा। वहीं कैंडिटेट का डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन 24 से 31 जुलाई तक होगी।

**सेकेंड राउंड की काउंसिलिंग**

- आवेदन 25 से 27 जुलाई के बीच तक होगा।
- मेरीट लिस्ट 1 अगस्त को जेसीईसीईबी की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी होगी।
- सीट अलाटमेंट के लिए रजिस्ट्रेशन एवं च्वाइस फिलिंग की प्रक्रिया 3 से 7 अगस्त के बीच होगी।
- बोर्ड की ओर से प्रोविजनल सीट अलाटमेंट लेटर 11 से 19 अगस्त तक जारी किया जाएगा।
- दस्तावेजों की जांच और संबंधित संस्थान में प्रवेश भी 12 से 19 अगस्त के बीच निर्धारित की गयी है।

**तीसरे राउंड की काउंसिलिंग**

- आवेदन 12 से 16 अगस्त के बीच भरा जाएगा।
- 19 अगस्त को मेरीट लिस्ट जारी होगी।
- 21 से 24 अगस्त के बीच सीट अलाटमेंट के लिए रजिस्ट्रेशन व च्वाइस फिलिंग होगी।
- प्रोविजनल सीट अलाटमेंट लेटर 28 अगस्त से 2 सितंबर तक होगा।
- दस्तावेजों की जांच और संबंधित संस्थान में प्रवेश भी 29 अगस्त से 2 सितंबर के बीच निर्धारित की गयी है।

### गलवान घाटी में शहीद हुए गणेश हांसदा के चौथे पुण्यतिथि पर घाटशिला कॉलेज में दी गई श्रद्धांजलि

# PRINCIPAL आरके चौधरी ने कहा ऐसे सपूत पर हमें गर्व

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** घाटशिला महाविद्यालय में एनसीसी इकाई द्वारा शहीद गणेश हांसदा के चौथे शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर वीर सपूत शहीद गणेश हांसदा के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए प्राचार्य डा आर के चौधरी ने बताया कि मुझे अपने इस शिष्य पर गर्व है। उन्होंने कहा कि गणेश हांसदा वर्ष 2015 में बहरागोड़ा से मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण कर एनसीसी का प्रशिक्षण प्राप्त करने के उद्देश्य जमशेदपुर के करनडीह स्थित एलबीएसएम कॉलेज में आईएससी में अपना नामांकन करवाने के साथ एनसीसी में भर्ती हेतु आवेदन दिया था। उस समय मैं वहां कैप्टन रैंक का एनसीसी अधिकारी था। प्रथम बार गणेश से 8 अगस्त 2015 में साक्षात्कार के क्रम में मिला था। मेरे मार्गदर्शन में 3 वर्षों का एनसीसी प्रशिक्षण लेने के बाद 2018 में आर्मी में भर्ती हेतु रांची के मोराबादी मैदान में आयोजित दौड़ में शामिल हुआ और प्रथम बार में ही इसका चयन 16 बिहार रेजीमेंट में सिपाही के पद पर हो गया। प्राचार्य डा चौधरी ने बताया कि मेरे एनसीसी अधिकारी के कार्यकाल 2000 से 2020 तक में 1000 से अधिक छात्र छात्राओं ने एनसीसी प्रशिक्षण लेकर सरकारी सेवा प्राप्त किया। जिनमें 768 कैडेट भारतीय सेना में शामिल हुए। प्राचार्य ने यह भी बताया कि उनके उत्कृष्ट प्रशिक्षण व कार्यकलाप हेतु उन्हें राज्य का सर्वश्रेष्ठ अधिकारी के साथ देश के रक्षा मंत्री द्वारा प्रशंसा पत्र एवं मैडल भी मिल चुका है। दो बार राज्यपाल द्वारा भी पुरस्कृत हो चुके हैं तथा प्रशस्ति पत्र प्राप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि गणेश हांसदा बहुत ही अनुशासित एवं निष्ठावान कैडेट था। वह अपने गांव बांसदा, कोसाफलिया बहरागोड़ा से जमशेदपुर के एलबीएसएम कॉलेज पहुंचने में कभी भी बिलंब नहीं करता था। जब उन्हें 2018 में नौकरी मिली तो उन्हें 37 झारखंड बटालियन एनसीसी, जमशेदपुर द्वारा पुरस्कृत किया गया था। आर्मी प्रशिक्षण के बाद दानापुर, पटना में 9 महीने का प्रशिक्षण लेने के बाद प्रथम बार उसकी पोस्टिंग लद्दाख में हुई। जहां गलवान घाटी में 15 जून 2020 की रात में चीनी सैनिकों के साथ हुई हिंसक झड़प में वीरता के साथ संघर्ष करते हुए वह वीरगति को प्राप्त हो गए।

प्राचार्य डा चौधरी ने बताया कि उनके शहीद होने का समाचार उन्हें 16 जून 2020 को जैसे मिला तो वे गणेश हांसदा के गांव गए और उनके माता-पिता एवं भाई से मिलकर सान्त्वना दिए। उनका पार्थिव शरीर जब 18 जून को तिरंगा में लिपटकर कोसाफलिया आया तो राजकीय सम्मान से उनका अंतिम संस्कार हुआ। गणेश हांसदा ने राष्ट्र सुरक्षा में अपना बलिदान देकर अपने परिवार, समाज, क्षेत्र, संस्थान, एनसीसी व राज्य को गौरवान्वित किया है। मुझे अपने शिष्य पर गर्व है। शहादत दिवस कार्यक्रम में कॉलेज के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट महेश्वर प्रमाणित के अलावा काफी संख्या में एनसीसी कैडेट शामिल हुए। घाटशिला महाविद्यालय में श्रद्धांजलि सभा के बाद प्राचार्य डॉ आर के चौधरी, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट एम प्रमाणित वअन्य एनसीसी कैडेट के साथ शहीद गणेश हांसदा के गांव कोसाफलिया जाकर वहां आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भी शामिल हुए।



गणेश हांसदा को श्रद्धांजलि देते एनसीसी कैडेट व • फोटोन न्यूज

## BRIEF NEWS

### एमजीएम के पूर्व डाक्टर डीपी जखनवाल का निधन

**Jamshedpur:** शहर के जाने-माने डाक्टर डीपी जखनवाल (94) का निधन शुक्रवार को टाटा मुख्य अस्पताल (टीएमएच) में हो गई। इसके बाद उनका अंतिम संस्कार पार्वती घाट पर किया गया। डा. डीपी जखनवाल महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कालेज के फिजियोलॉजी विभागाध्यक्ष भी रह चुके हैं। उनके बेटा डा. एसपी जखनवाल एक प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ हैं। वहीं, वे जमशेदपुर आई हॉस्पिटल के अधीक्षक भी हैं। इधर, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) ने गहरा दुख प्रकट किया है। आइएमए के सचिव डा. सौरभ चौधरी ने कहा कि डा. डीपी जखनवाल का निधन होना हम सबके लिए दुखद है। शहर ने एक अच्छा डाक्टर खो दिया। उनकी कमी हमेशा खलेगी। डा. डीपी जखनवाल आइएमए के आजीवन सदस्य थे। अंतिम यात्रा में डा. सौरभ चौधरी, डा. एके लाल, डा. वीएसपी सिन्हा, डा. जीबी सिंह, डा. एसके भटनाकर, डा. कुमार, डा. आरएस चौधरी, डा. विवेक केडिया, डा. नितिन धीरा सहित अन्य मौजूद रहे।



### गर्मी का असर कम होने तक सभी स्कूलों को बंद कर ऑनलाइन कक्षा संचालन का जारी हो आदेश

**Jamshedpur:** जमशेदपुर अभिभावक संघ ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव को पत्र लिखकर स्कूलों में नर्सरी से लेकर 12वीं तक की कक्षाएं ऑनलाइन चलाने का आदेश जारी करने की मांग की है। संघ ने कहा है कि झारखंड में पड़ रही प्रचंड गर्मी व उसका बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ते वाले गलत प्रभाव को ध्यान में रखते हुए आपके माध्यम से स्कूलों को बंद करने के आदेश 11 जून को दिया गया था। लेकिन 14 जून को दिए गए नये आदेश में सभी कोटि के स्कूलों में केजी से 8वीं तक कि कक्षाओं को बंद करने और 9वीं से 12वीं तक कि कक्षाओं को पूर्व के भांति संचालित करने के आदेश दिया गया है। जमशेदपुर शहर को कोल्हान में सबसे गर्म शहर घोषित किया गया है इस दौरान 15 जून को जब 9वीं से 12वीं तक कि कक्षाएं शुरू हुई तो जमशेदपुर शहर में गुरू नानक हाई स्कूल में 10वीं कक्षा कि छात्रा गर्मी से बेहोश हो गई। गर्मी की प्रचंडता बड़े या छोटे बच्चों पर समान रूप से असर कर रही है। जमशेदपुर अभिभावक संघ उपर्युक्त बातों एवं बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मांग करता है कि गर्मी की प्रचंडता समाप्त जब तक नहीं हो जाती तब तक स्कूलों को बंद कर सभी कक्षाओं के लिए आनलाइन व्यवस्था के माध्यम से शिक्षा देने का आदेश जारी किया जाए। ताकि बच्चे इस प्रचंड गर्मी से बचते हुए शिक्षा अध्ययन कर पाए।

• अभिभावक संघ की शिक्षा सचिव से मांग

### वनबंधु परिषद का श्रीकृष्ण लीला प्रदर्शन 18 को माईकल जॉन आडिटोरियम में




**Jamshedpur:** वनबन्धु परिषद् जमशेदपुर चैप्टर द्वारा एक रंगारंग सांस्कृतिक संध्या पर कृष्णा लीला का प्रदर्शन तारीख 18 जून को को शाम 6 बजे से माइकल जॉन ऑडिटोरियम में किया जाएगा। एक सुर एक ताल टीम द्वारा यह कार्यक्रम अमेरिका के 60 शहरो में हो चूका है तथा अब भारत के सभी नगरो में जहा वन बंधू परिषद् का कार्य चल रहा हे इसका आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी परिषद की ओर से शुक्रवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान दी गयी। बताया कि इस ग्रुप में सभी कलाकार वनवासी बच्चे, महिला एवं पुरुष है। वन बंधू परिषद् द्वारा देश के विभिन गावो में करीब 100000 एकल विद्यालय का संचालन किया जा रहा है जिसमे वनवासी समाज के लोगो को शिच्छा एवं भारतीय संस्कार दिए जाते है। वनबंधू परिषद् जमशेदपुर चैप्टर द्वारा करीब 832 विद्यालय का संचालन किया जाता है। संवाददाता सम्मेलन के दौरान वनबन्धु परिषद जमशेदपुर चैप्टर के अध्यक्ष राजेश मित्तल एवं सचिव अभिषेक गर्ग के अलावा नीलम केडिया उपस्थित थीं।

### छोटा बांकी के पास अवैध शराब भट्टी किया गया नष्ट

**Jamshedpur:** एमजीएम थाना अंतर्गत छोटा बांकी नाला के किनारे के किनारे चल रहे अवैध महुआ शराब चुलाई भट्टी को ध्वस्त किया गया। मौके पर घटनास्थल पर स्थापित चुलाई उपकरणों एवं जमीन में गड़े ड्रमों एवं सिंटेक्स टंकियों में रखे गए जावा महुआ को नष्ट किया गया। अवैध शराब चुलाईकर्ता के विरुद्ध एमजीएम थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। जब्त सामग्री में जावा महुआः- 7600 कि०ग्रा०, महुआ शराबः- 30 लीटर है।



# एनएमएल में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

### कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को सौंपा गया प्रमाण पत्र



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** सीएसआईआर -नेशनल मेटलर्जिकल लेबोरेटरी, एनएमएल जमशेदपुर में 'मेटलोग्राफी प्रैक्टिसेज इन इंजीनियरिंग अलॉयज (एमपी'23)' पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार दोपहर को समाप्त हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सेल, बोकारो स्टील प्लांट के प्रतिभागियों ने में भाग लिया। इस दौरान सैद्धांतिक व्याख्यानों की एक श्रृंखला के साथ-साथ व्यावहारिक प्रदर्शनों के माध्यम से प्रतिभागियों को भौतिक धातु विज्ञान और स्टील्स के संरचनात्मक लक्षण के बारे में जानकारी दी गई. प्रतिभागियों को घटक गुणवत्ता के साथ-साथ विफलताओं और भौतिक गिरावट के मूल कारण के बारे में जानकारी दी गई. समापन समारोह की शुरूआत डॉ. बी. रविकुमार, मुख्य वैज्ञानिक और माइक्रोस्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग ग्रुप, सीएसआईआर-एनएमएल के ग्रुप लीडर के उद्घाटन भाषण के साथ हुआ. इसके बाद प्रतिभागियों के साथ एक संक्षिप्त फीडबैक सत्र का आयोजन किया गया. प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए सीएसआईआर-एनएमएल के सभी संकायों के प्रति अपना आभार प्रकट किया. प्रतिभागियों ने उत्पाद विकास, विफलता विश्लेषण, कॉर्पोरेट प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि के क्षेत्रों में सेल और सीएसआईआर-एनएमएल के बीच भविष्य के सहयोग की संभावनाओं पर भी जोर दिया. इस अवसर पर प्रतिभागियों को डॉ. रविकुमार और डॉ. मैनाक घोष ने प्रमाण पत्र सौंपा गया.कार्यक्रम के प्रधान वैज्ञानिक और तकनीकी समन्वयक डॉ. एम. घोष, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक और कार्यक्रम के तकनीकी समन्वयक द्वारा प्रस्तावित धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ.

# समान संहिता की ओर

भारत में चार वर्ष बाद फिर समान नागरिक संहिता पर विचार-विमर्श का आधिकारिक सिलसिला शुरू हो गया है, तो यह प्रत्याशित ही था। इस संहिता के संबंध में देश के किसी भी नागरिक को अपने विचार पेश करने का अधिकार है और 30 दिन के अंदर लोग विधिवत अपनी सलाह दे सकते हैं। विधि आयोग की यह पहल विचारणीय ही नहीं, बल्कि बहुत चर्चित भी रहने वाली है। भारतीय संविधान की रचना के समय से ही समान नागरिक संहिता का विषय संवेदनशील रहा है। संविधान सभा में भी उम्मीद जताई गई थी कि शायद कोई दिन ऐसा आएगा, जब देश में समान नागरिक संहिता लागू हो जाएगी। जब संविधान की रचना हो रही थी, तब भी अनेक लोग थे, जो समान नागरिक संहिता को कड़ाई से बनाने और लागू करने के पक्ष में थे, मगर तब के ज्यादातर नेताओं ने इस विषय पर संयम का पक्ष लिया था। बाद के वर्षों में भी बीच-बीच में समान नागरिक संहिता पर संसद या विधानसभाओं में भी खूब चर्चा हुई है। अभी चार साल पहले 2018 में भारत के विधि आयोग ने ही एक परामर्श पत्र जारी किया था, जिसमें समान नागरिक संहिता को न तो आवश्यक है और न ही इस स्तर पर वांछनीय माना गया था। यह उचित ही है कि सार्वजनिक और मान्यता प्राप्त धार्मिक संगठनों से भी सुझाव देने के लिए कहा गया है। आयोग को बहुमत और नागरिक संहिता की तार्किकता पर ज्यादा गौर करना होगा। संहिता बना देना ही काफी नहीं होगा, इसे कैसे लागू किया जाएगा और कैसे सभी को साथ लेकर हम चलेंगे, इस पर भी हमें अभी से विचार कर लेना चाहिए। देश में विगत वर्षों में जो बदलाव दिखे हैं, उनकी रोशनी में यह अनुमान लगाया जा सकता है कि इस बार रायशुमारी के नतीजे अलग आ सकते हैं। कर्नाटक उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश ऋतुराज अवस्थी की अध्यक्षता में विधि आयोग ने पहल शुरू की है। वास्तव में, साल 2016 में समान नागरिक संहिता के लिए कोशिशें तेज हो गई थीं। अब चूंकि एक साल के अंदर आम चुनाव सहित अनेक राज्यों में चुनाव होने हैं, तो यह विषय गरम रहने की पूरी संभावना है। क्या कोई जल्दी है कि विधि आयोग विचार की प्रक्रिया को 30 दिन में समाप्त करना चाहता है? गौरतलब है, भाजपा के तीन बुनियादी वादे थे, राम मंदिर निर्माण, समान नागरिक संहिता और अनुच्छेद 370 को हटाना। इनमें से एक ही बड़ा वादा बाकी है और इसके लिए आई नई तेजी सबका ध्यान खींच रही है। यह दलील पुरानी है कि व्यक्तिगत कानूनों में भेदभाव और असमानता को दूर किया जाए, ताकि देश में सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार हो। किसी की भी स्थिति विशेष न रहे, सब एक समान नागरिक संहिता के तहत ही आचरण करें। इससे देश में सद्भाव और एकता का परिवेश बन सकता है। विवाह, तलाक, गोद लेने, विरासत और उत्तराधिकार संबंधी समानता की मांग पुरानी है। लगे हाथ यह भी ध्यान रखना चाहिए कि अक्तूबर 2022 में एक हलफनामे के माध्यम से केंद्र सरकार ने अदालत को बताया था कि धर्म पर आधारित व्यक्तिगत कानून राष्ट्र की एकता का अपमान है।

# बेवजह का बखेड़ा

उत्तराखंड में सांप्रदायिक तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। कथित लव जिहाद के सवाल पर जहां हिंदू संगठनों ने 15 जून को उत्तरकाशी के पुरोला में महापंचायत आयोजित करने की घोषणा की है, वहीं मुस्लिम संगठनों ने भी मिल रही धमकियों को देखते हुए 18 जून को महापंचायत बुला ली है। हद तो यह है कि अलग-अलग तारीख और जगहों पर बुलाई गईं ये महापंचायतें भी तनाव का कारण बन गई हैं। कुछ लोगों ने कहा है कि वे 18 जून को प्रस्तावित महापंचायत नहीं होने देंगे। हालात ज्यादा गंभीर नहीं माने जाते अगर बात सिर्फ बयानों तक सीमित रहती। लेकिन अल्पसंख्यक बिरादरी से जुड़े दुकानदारों से दुकान खाली करके चले जाने को कहा जा रहा है। इस सबकी जड़ में पुरोला की एक घटना बताई जाती है, जिसमें एक मुस्लिम युवक के साथ एक हिंदू लड़की देखी गई। इसे लव जिहाद के नाम से प्रचारित किया गया और जगह-जगह पोस्टर लगाकर बाहरी लोगों से इलाका छोड़कर चले जाने को कहा जाने लगा। इससे एक शांतिपूर्ण राज्य में नफरत और डर का माहौल बन गया। अव्वल तो यहां कोई भी उस अर्थ में बाहरी नहीं है, जिस अर्थ में उन्हें बताया जा रहा है। मुस्लिम आबादी भी यहां सदियों से रह रही है। बताते हैं कि उत्तराखंड के कुल 1600 गांवों में से 150 ऐसे गांव हैं, जिनकी मुस्लिम गांवों के रूप में पहचान है। वे यहां के समाज और संस्कृति में पूरी तरह घुले-मिले हैं। वे होली-दिवाली में ही शामिल नहीं होते, रामलीलाओं को समृद्ध करने में भी उनकी भूमिका होती है। दूसरी ओर, जगह-जगह पीर बाबा की मजारों पर चादर चढ़ाने में यहां के हिंदू भी आगे रहते हैं। जाहिर है, ये सब उत्तराखंड की मिट्टी में रचे-बसे लोग हैं। लेकिन दूसरे अर्थ में देखा जाए तो यहां सभी बाहरी हैं। सभी समुदायों में ऐसे लोग हैं, जिनके पूर्वज किसी और इलाके से यहां आकर बसे। पहाड़ ने प्यार और सम्मान के साथ उन्हें स्वीकार किया। खैर, जिस घटना को मुद्दा बनाकर नफरत का तूफान खड़ा करने की कोशिश हो रही है, सबसे पहले तो उसका सच सामने लाने की जरूरत है। लड़की और लड़के का अलग-अलग समुदायों से होना ही उन्हें गुनहगार नहीं बना देता। पहले का ट्रेंड देखें तो राजनीतिक फायदे के लिए लव जिहाद और धर्मांतरण जैसे मुद्दों को तूल दिया जाता रहा है ताकि सांप्रदायिक ध्रुवीकरण बढ़े।

# आरक्षणजन्य हिंसा की आग में जलता मणिपुर

ANALYSIS



सियाराम पांडेय 'शांत'

मणिपुर विधानसभा की कुल 60 सीटों में से 40 विधायक मैतई समुदाय से हैं। शेष 20 नगा और कुकी जनजाति से आते हैं। राज्य के 12 मुख्यमंत्रियों में से दो मैतेई समुदाय के थे। इसके बाद भी मैतेई समुदाय पर हमले समझ से परे हैं। केंद्र और राज्य सरकार के तमाम प्रयासों के बाद भी मणिपुर में संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है तो इसके लिए कुछ राजनीतिक दलों का हिंसा रस आनंद भी बहुत हद तक जिम्मेदार है। मणिपुर में हालात इतने खराब हो गए हैं कि कुकी और नगा समुदाय के लोग ड्रोन कैमरे से ढूंढ़कर मैतेई समुदाय के लोगों पर हमले कर रहे हैं, उनकी हत्या कर रहे हैं। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। इस पर अविलंब विचार किए जाने और कुछ बेहद ठोस और कारगर कदम उठाए जाने की जरूरत है। मणिपुर के मैतेई बहुल कांगपोकी जिले के खामेलोक गांव और इंफाल पूर्वी जिले में हथियारबंद लोगों के हालिया हमले में 12 लोगों का काल कवलित होना और 30 लोगों का घायल होना इस बात का संकेत है कि अधिकारों की जंग में अपना आपा खो चुके कुकी और नगा समुदाय के लोगों के लिए सरकार के निर्देश और कायदे-कानून मायने नहीं रखते।

मणिपुर जल रहा है। वहां जातीय और मजहबी तनाव चरम पर है। तनाव के इस आतिशी जखीरे में राजनीति की माचिस की तीली भी लगी हुई है। आजकल राजनीतिक दल हिंसा को शांत करने से अधिक उसे भड़काने में रुचि ले रहे हैं। जिस मैतेई समुदाय पर सशस्त्र हमले हो रहे हैं, उसमें सर्वाधिक हिंदू हैं और कुछ मुस्लिम हैं जबकि हमलावर समुदाय नगा और कुकी ईसाई धर्म में आस्था रखते हैं। मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के सरकार के प्रस्ताव के चलते इस संघर्ष ने तूल पकड़ा है। नगा और कुकी समुदाय के लोगों को लगता है कि अगर मैतेई को भी अनुसूचित जनजाति में शामिल कर लिया गया तो आरक्षण के तहत मिलने वाले उनके अपने लाभ में विभाजन की स्थिति बनेगी जो उनके समुदाय के लिए मुफीद नहीं है। 30-35 लाख की जनसंख्या वाले मणिपुर में तीन मुख्य समुदाय हैं; मैतई, नगा और कुकी। जनसंख्या में भी मैतई ज्यादा हैं और राज्य में उनका राजनीतिक वर्चस्व भी अधिक है। मणिपुर विधानसभा की कुल 60 सीटों में से 40 विधायक मैतई समुदाय से हैं। शेष 20 नगा और कुकी जनजाति से आते हैं। राज्य के 12 मुख्यमंत्रियों में से दो मैतेई समुदाय के थे। इसके बाद भी मैतेई समुदाय पर हमले समझ से परे हैं। केंद्र और राज्य सरकार के तमाम प्रयासों के बाद भी मणिपुर में संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है तो इसके लिए कुछ राजनीतिक दलों का हिंसा रस आनंद भी बहुत हद तक जिम्मेदार है। मणिपुर में हालात इतने खराब हो गए हैं कि कुकी और नगा समुदाय के लोग ड्रोन कैमरे से ढूंढ़कर मैतेई समुदाय के लोगों पर हमले कर रहे हैं, उनकी हत्या कर रहे हैं। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। इस पर अविलंब विचार किए जाने और कुछ बेहद ठोस और कारगर कदम उठाए जाने की जरूरत है। मणिपुर के मैतेई बहुल कांगपोकी जिले के खामेलोक गांव और इंफाल पूर्वी जिले में हथियारबंद लोगों के हालिया हमले में 12 लोगों का काल कवलित होना और 30 लोगों का घायल होना इस बात का संकेत है कि अधिकारों की जंग में अपना आपा खो चुके कुकी और नगा समुदाय के लोगों के लिए सरकार के निर्देश और कायदे-कानून मायने नहीं रखते। अपनी सुविधा के संतुलन के लिए वे किसी भी हद तक जा सकते हैं। खामेलोक गांव में कुकी समुदाय के लोगों ने एक रात पहले भी हथियार बंद हमला कर नौ लोगों को घायल कर दिया था। ड्रोन से मैतेई समुदाय के लोगों की लोकेशन जानकर रात के वक्त उन पर उस समय हमले करना जब वे सो रहे हों, कायरता भी है और मानवाधिकारों का हनन भी। एक दिन पहले भी मणिपुर राज्य के बिष्णुपुर जिले के फोगा कचाओ इखाई गांव में कुकी समुदाय के लोगों की ज्यादती देखने को मिली थी। मैतेई इलाकों में बंकर बनाने की कुकी समुदाय की कोशिश को जब सुरक्षा बलों ने रोका तो वे उनसे भिड़ गए और उनके साथ फायरिंग भी की। यह और बात है कि हिंसा के मद्देनजर सरकार ने राज्य में इंटरनेट पर पाबंदी लगा दी है लेकिन जब पानी सिर से ऊपर बह रहा हो तो सिर्फ सामान्य औपचारिकताओं से काम नहीं चलने वाला। कुछ खास और अप्रत्याशित भी करना होगा। समय पर करना होगा अन्यथा हाथ मलने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। नॉर्थ-ईस्ट कोऑर्डिनेशन काउंसिल के प्रेसिडेंट और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह 10 जून को इस मुद्दे पर मिले भी थे और उन्होंने परस्पर आत्ममंथन भी किया था लेकिन इसका कोई असर कुकी समुदाय पर पड़ा हो, ऐसा तो नजर नहीं आता। जिस तरह कुकी समुदाय निरंतर उकसाने वाली कार्रवाई कर रहा है, उसे बहुत हल्के में नहीं लिया जा सकता। वे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को अपनी रिपोर्ट सौंपने वाले हैं। अमित शाह खुद भी मणिपुर का चार दिवसीय दौरा कर चुके हैं। जरूरत पड़ी तो आगे भी वे मणिपुर का दौरा कर सकते हैं। केंद्र सरकार ने अगर इस मामले पर सख्ती से नियंत्रण नहीं किया तो अन्य राज्यों में भी इस तरह के विवाद उत्पन्न हो सकते हैं। वहां भी अधिकारों की जंग के लिए लोग लामबंद हो सकते हैं और राज्य के लिए सिरदर्द साबित हो सकते हैं। 3 मई के बाद से जारी हिंसा ने मणिपुर में 100 से ज्यादा लोगों की जानें ले ली है। 320 घायल हुए हैं और 47 हजार से ज्यादा लोगों को 272 राहत शिविरों में रहने को विवश होना पड़ रहा है। इस हिंसा के बाद राज्य के 11 अफसरों का तबादला हो चुका है। इनमें आईएएस और आईपीएस अफसर शामिल हैं। हिंसा के बाद गृह मंत्री अमित शाह जब चार दिन की यात्रा पर मणिपुर आए तो पुलिस महानिदेशक पी. डोंगल हटा दिए गए और उनकी जगह राजीव सिंह को कमान सौंपी गई। राज्य में शांति बहाली के लिए केंद्र सरकार ने राज्यपाल की अध्यक्षता में कमेटी भी बनाई जिसमें मुख्यमंत्री, राज्य सरकार के कुछ मंत्री, सांसद, विधायक और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता शामिल गए हैं। 9 जून को राजधानी इंफाल के पास कुकी बहुल खोकेन गांव में अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई थी। मणिपुर पुलिस ने बताया था कि बीते 24 घंटों में मणिपुर के इंफाल ईस्ट, काकचिंग, टेंग्नौपाल और विष्णुपुर जिलों में 57 हथियार, 1,588 गोला-बारूद और 23 बम बरामद किए गए हैं। हिंसा के बाद से अब तक राज्य में कुल 953 हथियार, 13,351 गोला बारूद और 223 बम बरामद किए गए हैं। 9 जून को ही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने मणिपुर हिंसा के संबंध में 6 केस दर्ज किए थे। जांच के लिए दस सदस्यीय एसआईटी बनाई गई है । 9 जून को ही सर्वोच्च न्यायालय की अवकाश पीठ ने राज्य में 3 मई से लगे इंटरनेट बैन पर फौरन सुनवाई से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने कहा था कि हाईकोर्ट में पहले सुनवाई होने दें। वहीं, अपनी सांस्कृतिक पहचान के लिए आरक्षण मांग रहे मैतेई समुदाय के लोगों का तर्क है कि 1949 में भारतीय संघ में विलय से पूर्व उन्हें रियासत काल में जनजाति का दर्जा प्राप्त था। पिछले 70 साल में मैतेई आबादी 62 फीसदी से घटकर लगभग 50 फीसदी के आसपास रह गई है जबकि मणिपुर की नगा और कुकी जनजाति मैतेई समुदाय को आरक्षण देने की मुखालफत कर रही है। राज्य के 90 प्रतिशत क्षेत्र में रहने वाला नगा और कुकी राज्य की आबादी का 34 प्रतिशत हैं। उनका कहना है कि राज्य की 60 में से 40 विधानसभा सीट पहले से मैतेई बहुल इंफाल घाटी में है। वर्तमान कानून के तहत अनुसार मैतेई समुदाय को राज्य के पहाड़ी इलाकों में बसने की इजाजत नहीं है। मणिपुर में हालिया हिंसा की वजह मैतेई समुदाय को आरक्षण के प्रस्ताव को माना जा रहा है जबकि अगस्त, 2022 में मुख्यमंत्री बीरेन सिंह की सरकार द्वारा चूराचांदपुर के वनक्षेत्र में बसे नगा और कुकी जनजाति को घुसपैठिए बताते हुए वहां से निकालने के आदेश पर नगा और कुकी समुदाय की नाराजगी को भी इसकी मूल वजह माना जा रहा है। कुछ लोग दबी जुबान से हाई कोर्ट के आदेश को भी मौजूदा हिंसा के लिए जिम्मेदार मानते हैं। हाल ही में मणिपुर हाई कोर्ट ने मैतेई ट्राइब यूनियन की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को मैतई समुदाय को जनजाति का दर्जा देने पर विचार करने को कहा था। यही नहीं, दस साल से लंबित इस प्रकरण पर मणिपुर सरकार की राय भी मांगी थी। हालांकि मणिपुर उच्च न्यायालय ने मैतई समुदाय को जनजाति का दर्जा देने संबंधी कोई का आदेश नहीं दिया है, बल्कि सिर्फ एक ऑब्जर्वेशन दिया है लेकिन नगा और कुकी समुदाय ने इसे गलत समझा और हिंसक रास्ता अख्तियार कर लिया, जिसे किसी भी लिहाज से उचित नहीं ठहराया जा सकता। इस आब्जर्वेशन के अगले ही दिन मणिपुर विधानसभा की पर्वतीय क्षेत्र समिति ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पास कर हाई कोर्ट के आदेश पर दुख जताया। सोचना होगा कि जो भारतीय संस्कृति सहकार और सहयोग की रही है। दूसरों को भोजन कराकर खुद भोजन करने की रही है, उसमें कितनी गिरावट आ गई है। हमें आरक्षण का लाभ मिल रहा है, इसलिए दूसरे समुदाय को आरक्षण न मिले, यह सोच विकृत भी है और स्वार्थ लिप्सा की पराकाष्ठा भी है। आशा है कि इस हिंसा में अपने लिए राजनीतिक लाभ की गुंजाइश तलाशने वाले नेता वे चाहे किसी भी दल के हों, एक बार विचार जरूर करेंगे कि आरक्षण का यह खेल और कितनी जान लेगा? अपने निहित स्वार्थ के लिए देश के हितों को दांव पर लगाना कितना उचित है?

# चिकित्सा शिक्षा में परिवर्तन का समय

चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में हाल में दो महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव हुए हैं। पहला, देश भर में यूजी यानी एमबीबीएस प्रवेश के लिए कामन काउंसलिंग होगी। दूसरा मध्य प्रदेश सरकार ने पीजी कर रहे डाक्टरों के लिए तीन महीने ग्रामीण क्षेत्रों में एक तरह की इंटर्नशिप को अनिवार्य बना दिया है। दोनों ही निर्णय चिकित्सा शिक्षा को समावेशी बनाने में सहायक होंगे, लेकिन भारत में अभी भी यह क्षेत्र कुछ बड़े निर्णयों के इंतजार में है। बेशक मौजूदा केंद्र सरकार ने चिकित्सा शिक्षा के ढांचे में ऐतिहासिक बदलाव सुनिश्चित किया है, जिसके चलते अब डाक्टरी पेशा अभिजात्य श्रेणी से निकलकर आम भारतीय की पहुंच में आया है, लेकिन जनस्वास्थ्य के मोर्चे पर आज भी देश की आबादी और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के बीच भरोसे का अपेक्षित रिश्ता विकसित नहीं हो सका है। देश में एमबीबीएस की सीटों की संख्या पिछले नौ वर्षों में 51,348 से बढ़कर 1,01,043 एवं पीजी सीटों की संख्या 31,185 से बढ़ाकर करीब 65 हजार की जा चुकी है। देश में इस समय 654 मेडिकल कालेज हैं, जो 2014 में 387 ही थे। सरकार एक जिला-एक मेडिकल कालेज की परियोजना पर भी तेजी से काम कर रही है। इस बुनियादी सुधार के बावजूद समग्र रूप में सार्वजनिक क्षेत्र की जनस्वास्थ्य सेवाओं के प्रति आम आदमी का भरोसा कमजोर ही बना हुआ है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे की पिछली रिपोर्ट बताती है कि देश के 50 प्रतिशत लोग बीमार होने पर सरकारी अस्पतालों में नहीं जाते। ऐसा इसलिए है, क्योंकि सार्वजनिक अस्पताल विशेषज्ञ चिकित्सकों की भारी कमी से जूझ रहे हैं। बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, पंजाब, उत्तराखंड और महाराष्ट्र जैसे राज्यों की स्थिति इस मामले में सबसे खराब है। बिहार में तो 80 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में 75 प्रतिशत लोग अपने इलाज के लिए निजी डाक्टरों या अस्पताल में जाने को विवश हैं। सवाल यह है कि आखिर सार्वजनिक सेवाओं को जनोन्मुखी कैसे बनाया जाए? इसके लिए सबसे बेहतर तरीका यही है कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता को सार्वजनिक अस्पतालों में बढ़ाया जाए। इसके लिए हमें इंग्लैंड की स्वास्थ्य सेवाओं का अध्ययन करना चाहिए, जहां पीजी की पढ़ाई भारत की तरह केवल मेडिकल कालेजों में नहीं होती है। वहां सभी पीजी डाक्टरों को संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात किया जाता है और केवल थ्योरी क्लास के लिए मेडिकल कालेज जाना होता है। नतीजतन इंग्लैंड के सरकारी अस्पतालों में हर समय चिकित्सक उपलब्ध रहते हैं। भारत में भी इस प्रयोग को अपनाया जाना चाहिए। देश के सभी मेडिकल कालेजों के पीजी विद्यार्थियों को डिग्री समाप्त होने तक ग्रामीण, कस्बाई या जिला अस्पतालों में पदस्थ किया जा सकता है। इससे सरकारी अस्पतालों में हर समय विशेषज्ञ डाक्टर मिल सकेंगे और पीजी डाक्टरों को भी बेहतर अनुभव हासिल होगा। ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकीय रिपोर्ट, 2022 कहती है कि देश के 6,064 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र यानी सीएचसी में 83 प्रतिशत सर्जन, 74 प्रतिशत स्त्री रोग विशेषज्ञ, 81.6 शिशु रोग विशेषज्ञ और 79.1 प्रतिशत एमबीबीएस उपलब्ध ही नहीं। 22 नए एम्स सहित केंद्र के अधीन चलने वाले अस्पतालों में भी तीन हजार डाक्टरों एवं 21 हजार पैरा मेडिकल स्टाफ की कमी चिंतित करने वाला पक्ष है। हमारे देश में सरकारी अस्पताल आज भी एलोपैथी डाक्टरों को आकर्षित नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि करीब 12 लाख कुल पंजीकृत डाक्टरों में से मात्र 1.5 लाख डाक्टर ही समग्र सरकारी तंत्र का हिस्सा हैं। इसमें भी आधे डाक्टर तो आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में पंजीकृत हैं। इन चार राज्यों में सर्वाधिक निजी मेडिकल कालेज भी हैं। बेहतर होगा कि मेडिकल कालेजों की संख्या हिंदी क्षेत्र में तेजी के साथ बढ़ाई जाए। मध्य प्रदेश सरकार के तीन महीने के पीजी इंटर्नशिप कार्यक्रम को तीन साल बढ़ाकर नीतिगत रूप से देश भर में सार्वजनिक अस्पतालों के साथ जोड़ा जाना चाहिए।

# कहां गई केमिस्ट्री

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुआई वाली शिवसेना की ओर से मंगलवार को अखबारों में दिया गया एक विज्ञापन सरकार और सत्तारूढ़ गठबंधन के गले की हड्डी बन गया है। विज्ञापन छपते ही जहां विपक्ष ने उत्साहित होकर इसे उछालना शुरू कर दिया है, वहीं प्रदेश बीजेपी के नेता अपनी असहजता छुपाने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। विज्ञापन में लिखा गया था- राष्ट्र में मोदी, महाराष्ट्र में शिंदे सरकार। पूरे पेज के इस विज्ञापन में फोटो भी सिर्फ मोदी और शिंदे की है। प्रदेश बीजेपी नेता और महाराष्ट्र के मौजूदा उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की तस्वीर इसमें नहीं दी गई है। विज्ञापन में एक हालिया सर्वे के हवाले से बताया गया है कि राज्य के 26.1 फीसदी लोग एकनाथ शिंदे और 23.6 फीसदी लोग देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री पद पर देखना चाहते हैं। राजनीतिक हलकों में इसे शिंदे गुट की ओर से प्रदेश बीजेपी नेतृत्व को दरकिनार करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। बीजेपी ने इस पर खुलकर विरोध भले न जताया हो, उसकी नाराजगी स्पष्ट है। महाराष्ट्र विकास आघाड़ी से अलग हुए इस ग्रुप को तत्कालीन परिस्थितियों का फायदा उठाने की गरज से भले ही बीजेपी ने काफी अहमियत दे दी हो, व्यावहारिक रूप में देवेंद्र फडणवीस ही राज्य में उसका प्रमुख चेहरा हैं। 2019 के चुनावों में बीजेपी ने नारा दिया था- केंद्र में नरेंद्र, महाराष्ट्र में देवेंद्र। ऐसे में देवेंद्र फडणवीस को दरकिनार करने की कोई भी कोशिश बीजेपी की लंबी अवधि की रणनीति में फिट नहीं बैठती। विज्ञापन में बाला साहेब ठाकरे समेत उन तमाम नेताओं की तस्वीरें भी गायब थीं, जिन्हें मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समेत उस ग्रुप के सभी नेता अपनी प्रेरणा का स्रोत बताते रहे हैं। जाहिर है, शिंदे और उनके सहयोगियों के लिए अपनी पार्टी के अंदर भी इस विज्ञापन का बचाव करना आसान नहीं होगा। शायद इन्हीं वजहों से अगले दिन यानी बुधवार को कुछ अखबारों में शिंदे की ही शिवसेना की तरफ से एक और फुल पेज विज्ञापन छपा, जिसमें बालासाहेब ठाकरे और आनंद दिघे की तस्वीरें तो हैं ही, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी मुस्कुराते हुए दिख रहे हैं।

## Social Media Corner

सच के हक में...



योग शरीर और मन दोनों के लिए गहरा लाभ रखता है। शक्ति, लचीलापन और शांति को बढ़ावा देता है। आइए हम योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और आगे की तंदुरूस्ती के साथ-साथ शांति भी। विभिन्न आसनों को दशार्न वाले वीडियो का एक सेट साझा कर रहा हूं।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



झारखंड सरकार को बिजली विभाग ने रिकॉर्ड तोड़ राजस्व दिया है। इसका अर्थ हुआ कि जनता ईमानदारी से बिजली बिल चुका रही है लेकिन बेईमान सरकार और इसके कुछ भ्रष्ट तंत्र जनता को तड़पा रहे हैं। सवाल है कि जब जनता को बिजली नहीं मिल रही है, तो इस राजस्व का उपयोग कहां हो रहा है? राजधानी रांची में भी भीषण बिजली कटौती हो रही है। बिजली की खपत अधिक है तो बिजली खरीदने में क्या समस्या है। कुल मिलाकर यह सरकार की अक्षमता और बदनीयत का मामला है। कमीशनखोरी के लालच में स्मार्ट मीटर की खरीददारी से पहले बिजली खरीद कर लोगों की जान बचाना ज्यादा जरूरी है। लेकिन ये सरकार तो प्राईवेट कंपनी की तरह चल रही है, लोगों का आर्थिक शोषण करो और अपनी जेब भरो।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# जी-20 ने हमें डिजिटल स्वास्थ्य के लिए वैश्विक दृष्टिकोण देने का दुर्लभ अवसर दिया

आज इंटरनेट के बिना हम एक ऐसी दुनिया की कल्पना करें, जहां कंप्यूटर नेटवर्क एक-दूसरे से जुड़े न हों। इस तरह की संपर्क रहित दुनिया में, एक देश के लोग ऐसी क्षमता के पुनः आविष्कार पर कार्य करना जारी रख सकते हैं जिसे विश्व के दूसरे भाग में वर्षों से उपयोग किया जा रहा है। लेकिन एक मानकीकृत इंटरनेट प्रोटोकॉल (आईपी) के बिना, वास्तविकता का हमारा संस्करण मूल रूप से ऐसी व्यवस्था से अलग दिखाई देगा जिसके पास कई स्थानीय क्षेत्रीय नेटवर्क तो हैं लेकिन प्लग-इन करने के लिए कोई समान मानक इंटरनेट सुविधा नहीं है। वास्तविकता का यह वैकल्पिक संस्करण उस प्रवाह के समान है जिसका डिजिटल स्वास्थ्य क्षेत्र आज सामना कर रहा है- विघटनकारी प्रौद्योगिकियों के मुहाने पर मौजूद दुनिया इस मामले में अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व से एक मानकीकृत ढांचे और दिशा के साथ-साथ एक निर्णायक पहल की प्रतीक्षा कर रही है ताकि इसके माध्यम से अरबों लोगों को लाभान्वित करने की क्षमता रखने वाले नवाचार को ग्लोबल साउथ में बढ़ावा देते हुए बनाए रखना सुनिश्चित किया जा सके। डिजिटल स्वास्थ्य की उत्साहपूर्ण दुनिया छोटे किन्तु प्रभावपूर्ण प्रायोगिकों और उप-क्षेत्रों में स्मार्ट वियरेबल्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, वर्चुअल केयर, रिमोट मॉनिटरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डेटा एनालिटिक्स, ब्लॉक-चेन, डेटा एक्सचेंज को सक्षम बनाने वाले उपकरण, स्टोरेज, दूरस्थ डेटा कैप्चर जैसे नवाचारों से परिपूर्ण हैं परन्तु यह एकीकृत वैश्विक दृष्टिकोण के अभाव में एक बिखरे हुए इकोसिस्टम में उलझी हुई है। ये सारी परिस्थितियां ऐसे समय में हैं जब महामारी ने हमें पहले से ही स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में डिजिटल उपकरणों की असाधारण क्षमता का अहसास करा दिया है। हाल के दिनों में हम भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में डिजिटल उपकरणों की परिवर्तनकारी क्षमता का उपयोग करने के साथ-साथ इसका अनुभव कर चुके हैं। कोविड-19 के दौरान, कोविन और ई-संजीवनी जैसे प्लेटफॉर्म पूरी तरह से गेम-चेंजर सिद्ध हुए। इन डिजिटल उपकरणों ने न सिर्फ टीके लगाने के तरीके को ही बदल दिया बल्कि इनके माध्यम से एक अरब से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई गईं और इनमें वे लोग भी शामिल थे, जिन तक पहुंचना सबसे मुश्किल कार्य था। भारत के कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम का डिजिटल आधार- कोविन, जहां एक ओर वैक्सीन की उपलब्धता और इसे लगाए जाने की व्यवस्था पर नजर रखता है तो वहीं दूसरी ओर यह प्रत्येक लाभार्थी के कोविड-19 टीकाकरण के लिए पंजीकरण करने के अलावा वास्तविक टीकाकरण प्रक्रिया, टीकाकरण के प्रमाण के रूप में डिजिटल प्रमाणपत्र के साथ-साथ अन्य सुविधाएं प्रदान करता है। लोगों और व्यवस्था के बीच सूचना की विषमता को कम करते हुए कोविन ने टीकाकरण अभियान को लोकतंत्रात्मक बनाते हुए यह सुनिश्चित भी किया कि सभी पात्र लाभार्थियों के लिए टीकों की उपलब्धता को सुलभ बनाया जा सके। अमीर हो या गरीब, यह सभी के लिए टीकाकरण कराने का समान तरीका था और सभी टीका लगवाने के लिए एक ही कतार में खड़े थे। इस सशक्त साधन की क्षमता को देखते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे दुनिया के लिए एक भेंट के रूप में प्रस्तुत किया। इसी तरह से टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म ई-संजीवनी, जिसके माध्यम से लोगों को अपने घर पर ही आरामपूर्वक डॉक्टरों के साथ ऑनलाइन परामर्श की सुविधा मिली, शीघ्र ही लोकप्रिय हो गया और इसके माध्यम से 10 करोड़ से अधिक परामर्श लिए गए। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से एक दिन में सर्वाधिक 5 लाख से अधिक परामर्श भी लिए गए। डिजिटल रूप से सक्षम कोविड वार रूम ने लगभग वास्तविक समय पर ही हमें साक्ष्य-आधारित नीतिगत निर्णय लेने में सहायता की। एक विशेष निगरानी प्रणाली- कोविड-19 इंडिया पोर्टल ने भौगोलिक स्थिति के आधार पर न सिर्फ बीमारी बल्कि मामलों की संख्या के आधार पर राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर मांग का आकलन करते हुए आवश्यक आपूर्ति के लिए आवश्यक वस्तु सूची की निगरानी भी की। आरोग्य सेतु, आरटी-पीसीआर ऐप और अन्य डिजिटल उपकरणों के माध्यम से हमारे देश के डेटा को नीति में परिवर्तित करने का मार्ग प्रशस्त किया जिसने हमारी कोविड-19 नीति प्रतिक्रिया को एक परिमाण के क्रम से मजबूत किया। सार्वजनिक स्वास्थ्य में डिजिटल उपकरणों की पूरी क्षमता का उपयोग करने के लिए, भारत पहले से ही एक राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) को तैयार कर रहा है। इसके माध्यम से रोगी अपने मेडिकल रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने और इसे प्राप्त करने के अलावा उचित उपचार और उपचार उपरान्त की प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ साझा कर सकते हैं। यह रोगियों को स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवा प्रदाताओं के बारे में सटीक जानकारी दिलाने में मदद करता है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सक्षम नेतृत्व में भारत दुनिया के लिए, विशेष रूप से निम्न और मध्यम आय वाले देशों में समान डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए हमारे शिक्षण और संसाधनों को साझा करने के लिए तैयार है ताकि हमारे अनुभव उन्हें डिजिटल सार्वजनिक वस्तुओं के लिए किए जाने वाले प्रयासों में मदद कर सकें। विश्व के इन क्षेत्रों में सुविधाओं से वंचित लोग अत्याधुनिक डिजिटल समाधानों और नवाचारों का लाभ प्राप्त कर सकते हैं और इसे सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल कवरेज का सपना साकार हो सकता है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com


# डब्ल्यूटीसी का कार्यक्रम जारी , इस बार लॉर्ड्स में होगा फाइनल

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय टीम दूसरी बार आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप-2023 का खिताबी मुकाबला नहीं जीत पायी है। पहली बार उसे न्यूजीलैंड और दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। ये दोनो ही फाइनल इंग्लैंड में हुए जहां भारतीय बल्लेबाज और गेंदबाजी संघर्ष करते दिखे। भारतीय टीम के लिए निराशाजनक बात ये है कि 2023-25 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का कार्यक्रम भी जारी हो गया है और इसका फाइनल भी इंग्लैंड के लॉर्ड्स में ही होगा भारतीय टीम 9 टीमों के इस टूर्नामेंट में 3 सीरीज घर और 3 सीरीज घर के बाहर खेलेगी।

भारतीय क्रिकेट टीम डब्ल्यूटीसी चक्र की शुरुआत जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे से करेगी। भारतीय टीम को अगले दो साल में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज भी खेलनी हैं। भारतीय टीम अगले महीने वेस्टइंडीज दौरे पर दो टेस्ट डोमिनिका (12 से 16 जुलाई) और त्रिनिदाद (20 से 24 जुलाई) में खेलेगी।

भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया में 5 मैचों बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी खेलनी है। हालांकि, पिछले दो मौके पर भारत ने ऑस्ट्रेलिया को उसके ही घर में 2-1 से हराया है, लेकिन इस बार भी ऐसा हो ऐसा कह नहीं सकते। अगर यहां भारत हार मिलती है तो उसकी फाइनल की राह मुश्किल हो जाएगी, क्योंकि भारत को दक्षिण अफ्रीका में भी दो मैचों की सीरीज खेलनी है। दक्षिण अफ्रीका में भारत का रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। अब तक उसने कोई सीरीज नहीं जीती है।

अगला चक्र इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच एशेज सीरीज के साथ शुरू होगा जिसमें शुक्रवार को पहला टेस्ट खेला जाएगा। वेस्टइंडीज दौरे के बाद भारतीय टीम दिसंबर 2023 से जनवरी 2024 के बीच दक्षिण अफ्रीका से खेलेगी। इसके बाद जनवरी फरवरी 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज की मेजबानी करेगा। फिर बांग्लादेश से सितंबर अक्टूबर 2024 में अपनी धरती पर खेलना है। इसके बाद न्यूजीलैंड टीम तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने आएगी। भारतीय टीम नवंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच ऑस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट की बॉर्डर-गावसकर सीरीज खेलेगी जिसके साथ ही भारत का डब्ल्यूटीसी चक्र खत्म होगा।




# इंडोनेशिया ओपन में प्रणय, चिराग सात्विक ने बनाई सेमीफाइनल में जगह, श्रीकांत बाहर हुए



**जकार्ता (एजेंसी)।** भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने शुक्रवार को यहां इंडोनेशिया ओपन विश्व टूर सुपर 1000 स्पर्धा के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीय फजर अलफियान और मुहम्मद रियान अर्दियांतो को सीधे गेम में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पुरुष एकल में एचएस प्रणय ने क्वार्टर फाइनल में जापान के कोदाई नारोका को शिकस्त दी तो वहीं विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत हालांकि अंतिम आठ मुकाबले में चीन के ली शी फेंग से हारकर पुरुष एकल प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

श्रीकांत को एक घंटे और नौ मिनट तक चले कड़े मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी से 14-21 21-14 12-21 से शिकस्त मिली। इस जीत के साथ ही फेंग ने श्रीकांत से मिली पिछली हार का बदला भी चुकता कर लिया। दोनों खिलाड़ियों के बीच दो मुकाबलों में दोनों ने एक-एक जीत दर्ज की है। सातवीं वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग की जोड़ी को इंडोनेशिया की पुरुष युगल जोड़ी हराने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। भारतीय जोड़ी ने 41 मिनट तक चले मुकाबले को 21-13 21-13 से अपने नाम किया। सात्विक और चिराग के सामने सेमीफाइनल में कोरिया की मिन ह्यूक कांग एवं सेउंग जे सियो और इंडोनेशिया की लियो रोली कार्नांडो एवं डेनियल मार्टिन के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल के विजेता की चुनौती होगी।

भारतीय खिलाड़ियों के दिन के आखिरी मैच में प्रणय ने तीसरी वरीयता प्राप्त नारोका को 21-18 21-6 से शिकस्त दी। सेमीफाइनल में प्रणय का सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त डेनमार्क विक्टर एक्सेलसेन और चीनी ताइपे के टियेन चेन चोउ के बीच खेले जाने वाले अंतिम आठ मैच के विजेता से होगा। पुरुष एकल में विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान पर काबिज श्रीकांत और फेंग दोनों इस स्पर्धा में गैरवरीय है। श्रीकांत ने शुरुआती सेट में 2-0 की बढ़त कायम की लेकिन इसके बाद उन्हें लगातार कई गलतियां करने का खामियाजा भुगतना पड़ा। चीन के खिलाड़ी ने पहले गेम में ब्रेक के समय 11-7 की बढ़त बना ली। फेंग ने इसके बाद अपनी बढ़त जारी रखी और पहला गेम आसानी से अपने ना किया। दूसरे गेम की शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों के बीच बराबरी का मुकाबला दिखा लेकिन श्रीकांत जल्द ही अपने पुराना लय हासिल कर ब्रेक तक 11-6 की बढत बना ली। उन्होंने आक्रामक खेल जारी रखते हुए यह गेम जीत लिया। वह हालांकि तीसरे गेम में इस लय को बरकरार नहीं रख सके और फेंग ने 11-6 की बढ़त बना ली। ब्रेक के दौरान चीन के खिलाड़ी को चिकित्सा मदद की जरूरत पड़ी। वह इसके बाद बायें पैर में पट्टी के साथ कोर्ट में उतरे लेकिन उनके खेल में कोई कमी नहीं आयी। फेंग ने तीसरा गेम 21-12 के बड़े अंतर से जीत कर सेमीफाइनल का टिकट पक्का किया।

# चयनकर्ता रोहित से करेंगे बात, वेस्टइंडीज दौरे के लिए मिल सकता हैं आराम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा को 12 जुलाई से शुरू हो रहे वेस्टइंडीज के आगामी दौरे के एक हिस्से के लिए आराम मिल सकता है। राष्ट्रीय टीम एक बहु-प्रारूप श्रृंखला खेलेगी जिसमें दो टेस्ट, तीन एकदिवसीय और पांच टी20ई शामिल हैं। टेस्ट मैच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 चक्र के लिए पहली श्रृंखला है। रोहित की कप्तानी टीम इंडिया को ओवल में संपन्न हुई आईसीसी डब्ल्यूटीसी 2021-23 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। 209 रन की अपमानजनक हार का सामना करते हुए, रोहित और प्रबंधन को शिखर मुकाबले में प्रदर्शन के लिए काफी आलोचना का सामना करना पड़ा। विशेष रूप से सभी प्रारूपों में जिम्मेदारियों को निभाने के बाद से कप्तान ने व्यस्त कार्यभार का सामना किया है। ताजा घटनाक्रम के अनुसार रोहित को वेस्टइंडीज के आगामी दौरे में कुछ मैचों के लिए आराम मिल सकता है। एक सूत्र ने कहा कि कप्तान को टेस्ट या आठ मैचों की सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए आराम दिया जा सकता है। सूत्र के मुताबिक, रोहित (शर्मा) आईपीएल और इंग्लैंड में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के दौरान थोड़े थके हुए लग रहे थे। इसकारण चयनकर्ता चाहते हैं कि वह वेस्टइंडीज दौरे के कुछ समय तक आराम करें। उसके टेस्ट या आठ मैचों की व्हाइट-बॉल श्रृंखला (तीन वनडे और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय) से चूकने की संभावना है। सूत्र ने बताया कि चयनकर्ता रोहित से बात कर फिर फैसला लेने वाले हैं।

विशेष रूप से रोहित बल्ले से आउट ऑफ फॉर्म लग रहे थे क्योंकि वह ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ मैच में 15 और 43 के स्कोर ही बना सके। आईपीएल में भी रोहित का निराशाजनक अभियान था क्योंकि उन्होंने 16 मैचों में 20.75 की औसत से 332 रन बनाए थे।

# एशिया कप से होगी अय्यर व बुमराह की वापसी

### –पाक की मुश्किलें बढ़ेंगी

**मुम्बई (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की अगस्त में होने वाले एशिया कप में वापसी की उम्मीदें हैं। एशिया पक 31 अगस्त से शुरु होगा और इसका फाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट पाकिस्तान और श्रीलंका में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट से भारतीय टीम में अय्यर व बुमराह की वापसी होने से टीम की बल्लेबाजी व गेंदबाजी मजबूत होगी। एशिया कप को आगामी एकदिवसीय विश्व कप की तैयारियों के लिए अहम माना जा रहा है, ऐसे में इन दो क्रिकेटरों की अगर टीम में वापसी होती है तो यह एक अच्छा संकेत है। इस बार एशिया कर 50 ओवर के प्रारूप में खेला जाएगा।



अय्यर को आईपीएल से पहले चोट लग गई थी और इसी के बाद से ही वह खेल से दूर हैं। उनकी मई में लंदन में उनकी सर्जरी हुई। अभी वह फिजियोथेरेपी से गुजर रहे हैं।

वहीं बुमराह भी सितंबर 2022 से ही मैदान से बाहर चल रहे हैं। बुमराह भी आईपीएल से बाहर रहे हालांकि अब वह फिट होते नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट पर भी एक तस्वीर साझा करते हुए वापसी के संकेत दिए थे। बुमराह की पीठ में चोट लगी थी। मार्च में उन्होंने न्यूजीलैंड में सर्जरी करवाई थी, जिसके बाद वह रिकवरी के लिए मैदान से दूर हो गए थे। बुमराह सिर्फ फिजियोथेरेपी कर रहे हैं लेकिन हाल ही में उन्होंने गेंदबाजी शुरू कर दी है। समय के साथ-साथ इसमें इजाफा किया जाएगा।

बुमराह के आने से पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ने वाली है। बुमराह ने पाकिस्तान के खिलाफ खेले 5 मैचों में 4 विकेट लिए, लेकिन इस बीच उन्होंने पाक बल्लेबाजों को खूब परेशान करने का काम किया। उन्होंने पाक के खिलाफ केवल 4.98 की ईकोनोमी रेट से ही रन दिये हैं। इससे साफ है कि पाक बल्लेबाज बुमराह के खिलाफ आक्रमण नहीं कर पाते।

# 27 जून को हो सकती वेस्टइंडीज दौरे के लिए टीम की घोषणा

**मुम्बई (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज दौरे के लिए भारतीय टीम की घोषणा इसी माह 27 जून को हो सकती है। भारतीय टीम अगले माह जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज खेलेगी। इस दौरे पर अनभवी खिलाड़ियों की जगह पर युवा खिलाड़ियों यशस्वी जायसवाल और मुकेश कुमार को अवसर मिल सकता है।

माना जा रहा है कि कप्तान रोहित शर्मा को वेस्टइंडीज दौरे पर रेड बॉल क्रिकेट या लिमिटेड ओवर क्रिकेट किसी एक प्रारुप में आराम मिल सकता है। आईपीएल के साथ डब्ल्यूटीसी के खिताबी मुकाबले में भी वह रन नहीं बना पाये। ऐसे में टीम में वापसी कर रहे अजिक्य रहाणे को वेस्टइंडीज दौरे पर टेस्ट टीम की कप्तानी मिल सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार रोहित आईपीएल और इंग्लैंड में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के दौरान कुछ थके हुए लग रहे थे। चयनकर्ता चाहते थे कि वह वेस्टइंडीज दौरे के कुछ समय तक आराम करें। उसके टेस्ट या आठ मैचों की व्हाइट-बॉल सीरीज (तीन वनडे और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय) से बाहर रहने की भी संभावनाएं हैं। चयनकर्ता अब रोहित से बात कर इस मामले में फैसला लेंगे। आईपीएल 2023 में रोहित के बल्ले से 16 मैचों में 20.75 की औसत के साथ 332 रन निकले से, वहीं डब्ल्यूटीसी की दोनों पारियों में उन्होंने 15 और 43 रन बनाए थे। रोहित शर्मा के अलावा टीम इंडिया के दो मुख्य तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी भी पिछले कुछ समय से लगातार खेल रहे हैं। ऐसे में इन्हें भी आराम दिया जा सकता है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में इन दोनों ने तेज गेंदबाजी का दारोमदार संभाला और लगातार पिछले कुछ महीनों से इन दोनों गेंदबाजों ने क्रिकेट के मैदान पर काफी समय बिताया है।

# घमंडी हो गयी है भारतीय टीम : रॉबर्ट्स



जमैका । विंडीज के पूर्व क्रिकेटर एंडी रॉबर्ट्स ने भारतीय टीम की आलोचना करते हुए कहा है कि वह घमंडी हो गयी है। इसी कारण उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में भी हार का सामना करना पड़ा। रॉबर्ट्स ने भारतीय टीम की आलोचना करते हुए कहा , यह घमंड है जो भारतीय क्रिकेट में शामिल हो गया है और इससे भारतीय टीम अन्य टीमों को कम समझती है। अब भारतीय टीम को यह तय करना होगा कि उनका ध्यान टेस्ट क्रिकेट या सीमित ओवरों के क्रिकेट पर है या फिर टी20 क्रिकेट से उसका काम चल जाएगा, जिसमें बल्ले और गेंद का कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने साथ ही कहा, मुझे उम्मीद थी कि भारतीय टीम अपनी बल्लेबाजी की ताकत दिखायेगी। मैंने फाइनल में उससे कोई अच्छा प्रदर्शन नहीं देखा केवल अजिंक्य रहाणे ने कुछ संघर्ष किया, उनके हाथ में चोट लग गई। शुभमन गिल जब वह शॉट खेलते हैं तो अच्छा लगता है पर वह लेग स्टंप पर खड़ा होता है और अक्सर आउट हो जाता है। उसके हाथ अच्छे मूमेंट करते हैं, लेकिन उसे गेंद के पीछे जाना चाहिए। विराट कोहली पहली पारी में मिचेल स्टार्क की गेंद पर कैच हो गये। भारत के पास कुछ बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं, लेकिन उन्होंने घर से दूर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। महान क्रिकेटर ने इतने महत्वपूर्ण मैच में अश्विन को बाहर करने के भारत के फैसले को हास्यास्पद करार दिया और कहा कि आप अपना सर्वश्रेष्ठ स्पिनर को कैसे हटा सकते हैं।

# एशेज 2023 शुरुआती टेस्ट में इंग्लैंड ने लंच तक तीन विकेट पर 124 रन बनाये

**बर्मिंघम। (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने एशेज श्रृंखला के शुरूआती मैच में शुक्रवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले सत्र में 'बाजबॉल' रणनीति को पूरी तरह लागू करने की जगह सावधानी से बल्लेबाजी करने पर ध्यान दिया और लंच के विश्राम तक तीन विकेट पर 124 रन बना लिये। इंग्लैंड ने इस दौरान ज्यादा आक्रामक रूख अख्तियार नहीं किया और सत्र में 12 चौके लगाने के साथ दौड़ कर रन चुराने पर जोर दिया।

एजबस्टन में बल्लेबाजों की मददगार पिच पर हालांकि लंच पर जाते समय ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा थोड़ा भारी हैं क्योंकि स्कॉट बोलैंड ने सत्र की आखिरी गेंद पर जैक क्राउली (61) को चलता किया। इस समय जो रूट 20 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। इंग्लैड ने बल्लेबाजी के लिए आसान पिच पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन चोट से वापसी कर रहे जोश हेजलवुड ने पारी के चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज बेन डकेट को विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच करवाया। मैच की पहली गेंद पर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस की गेंद पर चौका जड़ने वाले क्राउली ने 56 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।




उन्होंने इस दौरान ओली पोप (31) के साथ दूसरे विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी कर मैच में इंग्लैंड की वापसी करायी। इंग्लैंड के उपकप्तान पोप को अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन ने पगबाधा किया। कमिंस के खिलाफ क्राउली के चौके से इंग्लैंड ने 21वें ओवर में रनों का शतक पूरा किया। एजबेस्टन में बल्लेबाजों की मददगार पिच पर इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। मोईन अली टेस्ट संन्यास से वापसी करते हुए करीब दो साल में पहला टेस्ट खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया ने मिचेल स्टार्क की जगह हेजलवुड को चुना है। वह कमिंस और बोलैंड के साथ तेज आक्रमण की कमान संभाल रहे है। आस्ट्रेलिया ने 2001 के बाद से इंग्लैंड में एशेज श्रृंखला नहीं जीती है लेकिन हाल ही में भारत को हराकर विश्व टेस्ट चैम्पियन बनी है।

# डब्ल्यू फाइनल नहीं खेल पाने से निराश अश्विन, गेंदबाज नहीं बनना चाहिये था

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में नहीं खेल पाने का उन्हें हमेशा दुख रहेगा। अश्विन को डब्ल्यूटीसी फाइनल में शामिल नहीं करते हुए उनकी जगह पर अनुभवी तेज गेंदबाजी उमेश यादव को शामिल किया गया था। उमेश का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। ऐसे में मैच में भारतीय टीम की हार के बाद अश्विन को शामिल नहीं करने को लेकर कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ की आलोचना हो रही है। भारतीय टीम लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंची थी उसको खिताब जीतने का दावेदार माना जा रहा था पर ऑस्ट्रेलिया के हाथों उसे हार का सामना करना पड़ा। इस ऑफ स्पिनर ने कहा, मैं फाइनल मुकाबला जरूर खेलना पसंद करता क्योंकि टीम के यहां तक पहुंचने में मैंने भी अपना योगदान दिया था। अश्विन ने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले डब्ल्यूटीसी फाइनल में मैंने चार विकेट हासिल किए थे और इस गेंदबाजी को आप अच्छा मानते हैं। साल 2018-19 के बाद से ही जब कभी भी मैं विदेश में गेंदबाजी करने उतरा तो यह काफी अच्छी रही है। मैंने कई अहम मुकाबलों में टीम को जीत दिलाई है। साथ ही कहा कि बल्लेबाज और गेंदबाज से अलग अलग बर्ताव किया जाता है। साथ ही कहा कि उनको संन्यास लेने के बाद इस बात का अफसोस भी रहेगा। उन्होंने कहा, कल जब मैं क्रिकेट को अलविदा कहूंगा, संन्यास लूंगा तो मुझे इस बात का बेहद अफसोस होगा कि एक अच्छा बल्लेबाज होने के बाद भी मुझे गेंदबाज नहीं बनना चाहिए था।

# मंजू रानी, जुनैद जीत के बाद भी एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाये



भुवनेश्वर । मंजू रानी ने राष्ट्रीय अंतर प्रांत एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में महिलाओं की 35 किलोमीटर पैदल चाल स्पर्धा जीती है पर वह एशियाई खेलों के लिए प्रवेश हासिल नहीं कर पायी। मंजू इस स्पर्धा के दौरान एशियाई खेलों के लिए जरुरी क्वालीफाइंग स्तर हासिल नहीं कर पायीं। मंजू ने तीन घंटे 21 मिनट और 31 सेकंड में यह दौड़ पूरी की। गौरतलब है कि एशियाई खेलों का क्वालीफाइंग स्तर 2-58.30 का है। मंजू ने इससे पहले फरवरी में रांची में पैदल चाल चैम्पियनशिप में 2-58.30 का समय निकाल था। वहीं पुरुष वर्ग में हरियाणा के जुनैद खान ने तीन घंटे 37 सेकंड का समय निकालकर जीत हासिल पर ह भी एशियाई खेलों का दो घंटे 35 मिनट का क्वालीफाइंग स्तर हासिल नहीं कर पाये। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी राम बाबू इस टूर्नामेंट में शामिल नहीं हुए। वहीं महिलाओं की 400 मीटर दौड़ सेमीफाइनल में चार खिलाड़ियों ने 52.96 सेकंड का एशियाई खेल क्वालीफाइंग मार्क पार किया। हरियाणा की अंजलि देवी ने 52.03 सेकंड का समय निकाला। तमिलनाडु की विद्या राज (52.43) दूसरे, हरियाणा की हिमांशी मलिक (52.46) तीसरे और महाराष्ट्र की ऐश्वर्या मिश्रा (52.73) चौथे स्थान पर रही। पुरूष वर्ग में केरल के मुहम्मद अजमल (45.51) ने टूर्नामेंट का रिकॉर्ड तोड़ा। इसके अलावा केरल के ही राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी मुहम्मद अनस 45.63 सेकंड का समय निकालकर सेमीफाइनल हीट में दूसरे स्थान पर रहे।

# लियोनेल मेसी ने बीजिंग में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दागा सबसे तेज गोल

अर्जेंटीना को फीफा का विश्व खिताब जीताने में अहम भूमिका निभाने वाले लियोनेल मेसी इन दिनों जबरदस्त फॉर्म में चल रहे है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लियनेल मेसी का बेहद शानदार फॉर्म आमतौर पर हर ही मुकाबले में देखने को मिल रहा है। ऐसा ही फॉर्म लियोनेल मेसी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भी दिखाया। दरअसल इन दिनों लियोनेल मेसी के नेतृत्व में अर्जेंटीना की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दोस्ताना मैच खेलने के लिए बीजिंग गई हुई है। इस मुकाबले का आयोजन 15 जून को किया गया। इस मुकाबले में लियोनेल मेसी ने अपनी टीम को धमाकेदार शुरुआत दिलवाई। मुकाबले में उन्होंने 79वें सेकेंड में ही जोरदार गोल दागा, जिससे फैंस काफी खुश हुए। लियोनेल मेसी का गोल करने



वाला वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मेसी का ये गोल दूसरे मिनट में आया। इस गोल को एंजो फर्नांडिज ने असिस्ट किया था। इस गोल के लिए एक कर्लिंग शॉट लगाने से पहले अर्जेंटीना के स्टार ने कुशलता से दो डिफेंडरों को चकमा दिया। इसके बाद उन्होंने टीम के लिए एक और अहम गोल सेट करने में मदद की। इसके बाद अर्जेंटीना की तरफ से दूसरा गोल मैच के 68वें मिनट में किया गया था। इस बार गोल बनाने के लिए मेसी ने मदद की। लंबे समय तक बाएं कॉर्नर के नजदीक लियोनेल ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को छकाते रहे। इसके बाद उन्होंने गेंद रोड्री डी पॉल को पास की। डी पॉल ने गोलपोस्ट के तरफ से गेंद जर्मन पेजेला को दी जिन्होंने क्रॉस पर हेडर से गोल कर दिया।

# पीसीबी अध्यक्ष सेठी ने एशिया कप को हाइब्रिड मॉडल में आयोजित करने पर एसीसी को दिया धन्यवाद

### –एसीसी अध्यक्ष जय शाह के प्रयासों की तारीफ की

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** हफ्तों की चर्चा और कई बैठकों के बाद एसीसी (एशियाई क्रिकेट परिषद) ने आखिरकार एशिया कप 2023 की मेजबानी को लेकर जारी विवाद पर निर्णय लिया। एसीसी ने फैसला किया कि आगामी एशिया कप हाइब्रिड मॉडल में आयोजित होगी और इसकी मेजबानी पाकिस्तान और श्रीलंका दोनों द्वारा की जाएगी। इसके लिए अब पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी ने एसीसी का धन्यवाद किया है।

टूर्नामेंट 31 अगस्त से 17 सितंबर के बीच होगा। इसके अलावा यह भी पता चला कि लाहौर टूर्नामेंट के पहले खेल की मेजबानी करेगा जो पाकिस्तान और नेपाल के बीच खेला जाएगा। प्रतियोगिता श्रीलंका में स्थानांतरित होगी, जहां दो भारत-पाकिस्तान मैच हो सकते हैं। हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार किए जाने के साथ पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) इस फैसले से खुश दिखा और सेठी ने कहा, मुझे खुशी है कि एसीसी एशिया कप 2023 के लिए हमारे हाइब्रिड संस्करण को स्वीकार किया है। इसका मतलब है कि पीसीबी इवेंट होस्ट के रूप में रहेगा और श्रीलंका के साथ तटस्थ स्थान के रूप में मैचों का मंचन करेगा, जो पाकिस्तान जाने में असमर्थता की वजह से भारतीय क्रिकेट टीम के कारण आवश्यक था।

सेठी ने कहा, हमारे उत्साही प्रशंसक 15 साल में पहली बार भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान में देखना पसंद करेंगे, लेकिन हम बीसीसीआई की स्थिति को समझते हैं। पीसीबी की तरह, बीसीसीआई को भी सीमा पार करने से पहले सरकार की मंजूरी की आवश्यकता होती है। इसके अलावा सेठी ने कहा, मैं अब एसीसी और श्रीलंका क्रिकेट के साथ अपनी चर्चा और विचार-विमर्श जारी रखने के लिए उत्सुक हूं ताकि कुछ मामूली परिचालन और साजो-सामान की जानकारी हासिल की जा सके, ताकि हम अपनी कार्यक्रम योजना और तैयारी शुरू कर सकें। उन्होंने कहा, मैं परिषद को मजबूत करने के लिए एसीसी अध्यक्ष जय शाह के प्रयासों की सराहना करता हूं ताकि हम सामूहिक रूप से एक-दूसरे के हितों की रक्षा करना जारी रख सकें और उभरते एशियाई देशों को अवसर और मंच भी प्रदान कर सकें।






# दिशा सुबह उठकर सबसे पहले करती है योगा

बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पटानी सुबह उठकर सबसे पहले योगा करती है और खुद को फिट रखने के लिए जिस में पसीना भी बहाती है। यह वजह है कि दिशा पटानी अपनी खूबसूरत त्वचा और फिटनेस को लेकर हमेशा चर्चा में रहती है। अगर आप भी इनकी तरह फिट रहना चाहते है तो इनकी डाइट को जरूर फॉलो करें। तो चलिए जानते इसका डाइट प्लान। दिशा ब्रेकफास्ट में 3 अंडे, टोस्ट, दूध या जूस को शामिल करती हैं।

कई बार इसकी जगह वह दूध और सीरेल्स खाना भी पसंद करती हैं ।उनका कहना है कि वह इन्हें एक हेल्दी स्नैक्स के तौर पर डाइट में शामिल करती है। जिसे खाने से उनके शरीर में ऊजा बरकरार बनी रहती है। एक्ट्रेस ने बताया कि वह रात को हमेशा हल्का और समय पर खाना चाहिए। इसलिए वह डिनर में सूप, ब्राउन राइस हरी सब्जियां और दाल को डाइट में शामिल करती है। दिशा बॉडी और स्किन को हाइड्रेट रखने के लिए दिनभर खूब सारा पानी पीती हैं। जो फिगर को मेंटन रखने के साथ-साथ उनके स्किन को भी ग्लोइंग बनाता है। दिशा पाटनी के वर्कआउट रूटीन में डांसिंग, पिलाटेज, स्विमिंग, वेट ट्रेनिंग और योग शामिल होते हैं। वो डांसिंग वो सबसे बेहतरीन फिटनेस मोड मानती हैं।

उन्होने डांस का एक नया तरीका स्क्वायर डांस सीखा है और इसके रिलैक्सिंग और सुकून देने वाले असर को वो बहुत पसंद करती हैं। एक्ट्रेस का कहना है कि लंच में वह अपनी डाइट में फलों का जूस शामिल करती हैं। इसके साथ वो सलाद, ब्राउन राइस और दाल खाती हैं। मिड-डे स्नैक्स के लिए वो पीनट्स और बादाम खाना पसंद करती हैं। बादाम व मूंगफली पोषक तत्वों से भरपूर होते है जिन्हें दिशा शाम के समय खाना पसंद करती है।



# यश ने फिल्म में रावण बनने से कर दिया इंकार

अभिनेता यश ने रामायण आधारित फिल्म को करने से इंकार कर दिया है। हालांकि इस बात पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। बताया जा रहा है कि यश को ऐसे चुनौती वाले रोल करना पसंद हैं। हालांकि जब उन्होंने अपनी टीम से इसके बारे में बात की तो कुछ और ही निकल कर सामने आया। यश की टीम मेंबर्स का मानना है कि अगर एक्टर स्क्रीन पर रावण का रोल करते हैं तो ये उनके फैंस को नागवार गुजर सकता है। इसी को देखते हुए यश भी इस प्रोजेक्ट से पीछे हटते दिखाई दे रहे हैं। गौरतलब है कि एक पुराने इंटरव्यू में यश ने कहा था- मैं अपने फैंस की भावनाओं का काफी ख्याल रखता हूं। वे काफी सेंटीमेंटल हैं, अगर मैं उनके खिलाफ गया तो वे ओवर रिएक्ट भी कर सकते हैं। ईटाइम्स से जुड़े सोर्सेस का कहना है कि जब यश ने सुना तो कि फिल्म में रणबीर कपूर, भगवान राम का किरदार निभा रहे हैं, तो वे इस प्रोजेक्ट के साथ जुड़ने के लिए काफी एक्साइटेड हुए। उन्हें राम की अपेक्षा रावण का रोल ज्यादा चुनौतीपूर्ण लगा। हालांकि अपनी टीम से बात करने के बाद उन्होंने अपना मन बदल लिया।

बता दें कि पिछले कुछ दिनों से मीडिया में इस बात की जानकारी आ रही थी कि दंगल फेम निर्देशक रामायण आधारित फिल्म बनाने जा रहे हैं, जिसके लिए उन्होंने रणबीर कपूर और आलिया भट्?ट राम और सीता की भूमिका के लिए चुना है। इसके साथ ही यह कहा जा रहा था कि नितेश तिवारी रावण की भूमिका के लिए केजीएफ फेम अभिनेता यश को लेना चाह रहे हैं। बताया गया कि यश भी रावण की भूमिका को लेकर सकारात्मक हैं। उनका मानना कि फिल्म में राम के किरदार से ज्यादा चैलेंजिंग रावण का किरदार है। अब जो समाचार आ रहे हैं।



# महिला सुपरहीरो की भूमिका निभाएंगी अदा शर्मा

एक्ट्रेस अदा शर्मा जल्दी ही एक फिल्म में महिला सुपरहीरो की भूमिका निभाएंगी। द केरला स्टोरी की एक्ट्रेस ने इसकी पुष्टि की, लेकिन डिटेल्स को छिपाए रखने का फैसला किया। द केरला स्टोरी की सफलता से अदा शर्मा बेहद उत्साहित है। इस बारे में एक्ट्रेस ने कहा, मैंने हमेशा महिला सुपरहीरो को बहुत अच्छा पाया है और मैं केवल इतना कह सकती हूं कि हां, मैं इसकी भूमिका निभा रही हूं और मैं जल्द ही इसके बारे में और चीजें साझा करने का इंतजार नहीं कर सकती। एक्शन एक ऐसी शैली है जिसका हिस्सा बनकर मुझे वास्तव में मजा आता है। उन्होंने कहा कि मैं किसी प्रोजेक्ट के बारे में तभी बात करना पसंद करती हूं, जब उसका ट्रेलर आता है। मैं जल्द ही इस पर और अधिक जानकारी साझा करूंगी। उन्होंने आगे कहा, मुझे अलग-अलग तरह की भूमिकाएं करना पसंद है और मैं खुशकिस्मत हूं कि लोग अलग-अलग किरदारों के लिए मेरे बारे में सोच रहे हैं। द केरला स्टोरी के बाद मैंने सोचा कि यह बहुत अलग होगा।



# पॉपुलर सॉन्ग की लीग में गाना आज के बाद शामिल

बालीवुड फिल्मों के पॉपुलर सॉन्ग की लीग में सत्यप्रेम की कथा का गाना आज के बाद शामिल हो गया है। इस गाने के खूबसूरत सीन के साथ कार्तिक और कियारा की धमाकेदार केमिस्ट्री ने लोगों में प्यार की परिभाषा को फिर से जीवंत कर दिया है। यह गाना वास्तव में सबसे खूबसूरत इमोशनल ट्रैक होने का वादा करता है। कबीरा और गेरुआ जैसे पॉपुलर रोमांटिक ट्रैक में रणबीर-दीपिका और शाहरुख-काजोल की जोड़ी के बाद कार्तिक-कियारा ने आज के बाद के जरिए मोस्ट रोमांटिक कपल की लिस्ट में अपनी जगह बना ली है। प्यार का जश्न मनाना हो या रोमांस के गहरे इमोशन्स को जाहिर करना हो, इन गानो ने सभी आधारों पर खुद को सही ठहराया है, और 'आज के बाद' एक ऐसा गाना है जो इस साल का सबसे पॉपुलर लव सॉन्ग में से एक है, जिसने दर्शको को अपना दीवाना बना दिया है। बता दें कि बॉलीवुड ने समय-समय पर अपने मधुर और दिल को छू लेने वाले खूबसूरत रोमांटिक ट्रैक के साथ प्यार की कहानियों को एक नई दिशा दी है।

# जरा हटके जरा बचके की कमाई 50 करोड़ के पार

फिल्म जरा हटके जरा बचके ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। सारा अली खान और विक्की कौशल की फिल्म को रिलीज हुए 10 दिन पूरे हो गए है ।सारा अली खान और विक्की कौशल की लीड रोल वाली इस फिल्म ने 10वें दिन बॉक्स ऑफिस जो कमाई की वो उम्मीदों से परे जाकर हुई है। फिल्म ने कमाई के मामले में कई बड़ी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। 40 करोड़ रुपये में बनी फिल्म ने कुछ ही दिनों में बजट से ज्यादा कमाई कर ली है। इन सब के बाद अब विक्की कौशल और सारा अली खान की जरा हटके जरा बचके की कमाई के नए 10वें दिन के आंकड़े सामने आ गए है ।विक्की कौशल और सारा अली खान की जरा हटके जरा बचके की कमाई के आंकड़ों को देखने के बाद फैंस और मेकर्स काफी खुश दिखाई दिए। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के अनुसार विक्की कौशल और सारा अली खान की फिल्म ने 10वें दिन 7.02 करोड़ रुपये कमाए है। इसके साथ फिल्म का कुल कलेक्शन 53.55 करोड़ रुपये हो गया है।




# द ट्रायल में दर्शक मेरे किरदार से नफरत करेंग

फिल्मों में अपने दमदार प्रदर्शन से दुनिया को प्रभावित करने के बाद काजोल द ट्रायल: प्यार, कानून, धोखा के साथ वेब स्पेस में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। काजोल सुपर्ण वर्मा की सीरीज द गुड वाइफ के हिंदी रूपांतरण में एक वकील की भूमिका निभाएंगी। द ट्रायल के ट्रेलर लॉन्च पर काजोल ने खुलासा किया कि उन्होंने मूल सीरीज देखी है और वह उन्हें पसंद आई। काजोल ने कहा कि उनके पास इस बारे में कुछ सवाल थे कि इस सीरीज को हिंदी में कैसे रूपांतरित किया जाएगा। काजोल ने इस सीरीज में अपनी भूमिका के बारे में भी बात की। काजोल ने मूल सीरीज के बारे में बात करते हुए कहा कि द गुड वाइफ में किरदार अद्भुत थे। कंटेंट शानदार था, लेकिन मेरे मन में एक सवाल था कि इसे हिंदी में कैसे रूपांतरित किया जाएगा, तभी सुपर्ण वर्मा आए, उन्होंने बताया कि वास्तव में यह स्क्रिह्रश्वट के बारे में है। पटकथा कभी भी एक चरित्र के बारे में नहीं होती। इस सीरीज के कंटेंट को बहुत अच्छी तरह से लिखा गया है। मुझे स्क्रिह्रश्वट पसंद आई। ट्रेलर में काजोल के किरदार नयोनिका सेन गुप्ता को सही और गलत के बीच बंटा हुआ देखा गया है, योंकि उन्हें अपने पति का प्रतिनिधित्व करने के लिए काम पर रखा गया है, जो एक सेस और भ्रष्टाचार घोटाले में फंस गए हैं। अभिनेत्री से पूछा गया था कि उन्होंने किरदार में खुद को कैसे ढाला और कैसे फिट बैठीं, योंकि उस किरदार में बहुत सारी परतें हैं। इस पर जवाब देते हुए काजोल ने कहा 'यह निश्चित रूप से एक विकसित चरित्र है, एक बहुत ही जटिल चरित्र है। साथ ही हर महिला इससे खुद को जोड़ पाएंगी। आप परिदृश्य से नहीं गुजरे होंगे, लेकिन आप ये चीजें कल्पना कर सकते हैं। आप सोचेंगे कि अगर ऐसा कभी हुआ तो आप या करेंगे? दूसरी बात यह कि मैं एक कलाकार हूं, मैं इसे अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमताओं के अनुसार करूंगी। किरदार के बारे में बात करते हुए काजोल ने कहा कि सीरीज में यह चरित्र बेहतर है। कुछ हिस्से ऐसे हैं, जहां आप इस सीरीज में खो जाएंगे और मुझे भी वह हिस्सा पसंद है, जिससे महिलाएं भी खुद को जोड़ेंगी। काजोल ने कहा कि सीरीज में दर्शकों को नयोनिका सेन गुप्ता का किरदार खूब पसंद आएगा, लेकिन कहीं-कहीं आप उनके जरिए लिए गए फैसलों को कारण उससे नफरत भी करेंगे। आप सोचेंगे कि कभी कह कुछ और रही है और कर कुछ और रही है। काजोल अपने ओटीटी डेयू के लिए बेहद उत्साहित हैं। हाल ही में द ट्रायल का टीजर लॉन्च हुआ था, जिसमें काजोल का दमदार अवतार नजर आया। फैंस को इस सीरीज का बेसब्री से इंतजार है। यह कोर्टरूम ड्रामा सीरीज 14 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी, जिसमें आठ एपिसोड होंगे।

